RNI-UPHIN/2009/30721

दिल्ली
अधिकतम तापमान 36 डिग्री
न्युनतम तापमान 29 डिग्री
एनसीआर
अधिकतम तापमान 35 डिग्री
न्युनतम तापमान 29 डिग्री

बुधवार 25 जून 2025
सुर्योदय प्रातः 05:25 बजे
सूर्यास्त सांय 19:23 बजे

# एनसीआर टुडे

करंट न्यूज करंट व्यूज




पृष्ठ 4 भारत युवाओं के बल पर उत्पाद में वृद्धि कर सकता है

उत्तर प्रदेश और दिल्ली से एक साथ प्रकाशित वर्षः 16 अंक : 250 गाजियाबाद, बुधवार 25 जून 2025 मूल्य : ₹ 2 पेज : 06 विक्रमी संवत् 2081 युगाब्द 5126 शाक 1946

केनरा बैंक Canara Bank
SCAN & PAY
BHIM UPI
Canara ai1 CBDC Paytm Cred PhonePe Google Pay
DIGITAL RUPEE ACCEPTED HERE

NCR MASALA
India's Premium Masala
9410855900
ncrmasala@gmail.com
get online
www.ncrmasala.com
गर्म मसाला, हल्दी, मिर्च, धनिया, जीरा व अन्य रसोई मसाले

## सरकार की गरीबोन्मुखी नीतियों के पीछे है नारायण गुरू की प्रेरणा : मोदी

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक के शिवगिरी मठ के संत नारायण गुरू को विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए ऊर्जा का बड़ा स्रोत बताया है और कहा है कि समाज के शोषित-पीड़ित-वंचित वर्ग के लिए उनकी सरकार के हर निर्णय के पीछे उनकी शिक्षाओं को योगदान है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां विज्ञान भवन में आध्यात्मिकता और नैतिकता का पालन करने वाले भारत के दो महानतम नेताओं श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक संवाद के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। इस मौके पर ब्रह्मर्षि स्वामी सच्चिदानंद, श्रीमठ स्वामी शुभंगा-नंदा, स्वामी शारदानंद, केन्द्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन जी, सांसद अडूर प्रकाश भी मौजूद थे।

श्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज ये परिसर देश के इतिहास की एक अभूतपूर्व घटना को याद करने का साक्षी बन रहा है। एक ऐसी ऐतिहासिक घटना, जिसने न केवल हमारे स्वतन्त्रता आंदोलन को नई दिशा दी, बल्कि स्वतन्त्रता के उद्देश्य को, आज़ाद भारत के सपने को ठोस मायने दिये। सौ साल पहले श्रीनारायण गुरु और महात्मा गांधी की वो मुलाकात, आज भी उतनी ही प्रेरक है, उतनी ही प्रासंगिक है। वो मुलाकात, सामाजिक समरसता के लिए, विकसित भारत के सामूहिक लक्ष्यों के लिए, आज भी ऊर्जा के बड़े स्रोत की तरह है। श्री मोदी ने कहा कि श्रीनारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी हैं। जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं, श्रीनारायण गुरु उनके लिए प्रकाश श्तंभ की तरह हैं। समाज के शोषित-पीड़ित-वंचित वर्ग से मेरा करीबी नाता है। इसलिए आज भी वह जब समाज के शोषित, वंचित वर्ग के लिए बड़े निर्णय लेते हैं तो वह गुरुदेव को जरूर याद करते हैं। उन्होंने कहा कि सौ साल पहले के वो सामाजिक हालात, सदियों की गुलामी के कारण आईं विकृतियाँ, लोग उस दौर में उन बुराइयों के खिलाफ बोलने से डरते थे। लेकिन, श्रीनारायण गुरु ने विरोध की परवाह नहीं की, वो कठिनाइयों से नहीं डरे, क्योंकि उनका विश्वास समरसता और समानता में था। उनका विश्वास सत्य, सेवा और सौहार्द में था। यही प्रेरणा हमें 'सबका साथ, सबका विकास' का राश्ता दिखाती है। यही विश्वास हमें उस भारत के निर्माण के लिए ताकत देता है, जहां अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति हमारी पहली प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, "शिवगिरी मठ से जुड़े लोग और संतजन भी जानते हैं कि श्रीनारायण गुरु में और शिवगिरी मठ में मेरी कितनी अगाध आस्था रही है। मैं भाषा तो नहीं समझ पा रहा था, लेकिन पूज्य सच्चिदानंद जी जो बातें बता रहे थे।




## मानवाधिकार आयोग ने जहरीली गैस से दो कर्मचारियों की मौत के मामले में आंध्र सरकार को नोटिस दिया

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मंगलवार को कहा कि उसने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में एक दवा कंपनी के अपशिष्ट शोधन संयंत्र में काम करते समय जहरीली गैस की वजह से दो कर्मचारियों की मौत और एक अन्य के घायल होने की खबरों पर राज्य सरकार और एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को नोटिस जारी किया है। आयोग ने कहा कि अगर समाचार की सामग्री सही है, तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मुद्दे खड़े होते हैं। आयोग ने एक बयान में कहा कि उसने ''11 जून को आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में एक दवा कंपनी के अपशिष्ट शोधन संयंत्र में रात की पाली में काम करते समय जहरीली गैस की वजह से दो कर्मचारियों की मौत और एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराने संबंधी खबर पर स्वतः संज्ञान लिया है।''

## ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेना, छूट का आधार नहीं : न्यायालय

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। सुप्रीम कोर्ट ने आज को दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले के एक दोषी को आत्मसमर्पण की छूट देने से इनकार करते हुए मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने से आपको घर पर अत्याचार करने की छूट नहीं मिल जाती है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। हाई कोर्ट ने व्यक्ति की अपील को खारिज करते हुए उसकी सजा को बरकरार रखा था। शीर्ष अदालत ने शुरू में व्यक्ति को छूट देने में अनिच्छा व्यक्त की। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि व्यक्ति ने ऑपरेशन सिंदूर में भाग लिया था। उन्होंने कहा, ''पिछले 20 वर्ष से मैं राष्ट्रीय राइफल्स में ब्लैक कैट कमांडो के रूप में तैनात हूं।''

## पुणे स्थित एनआईवी ने निपाह वायरस का पता लगाने के लिए पोर्टेबल किट विकसित की

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। भारत में अब निपाह वायरस का पता मिनटों में लगाया जा सकेगा, क्योंकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के तहत पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने वायरस की जांच के लिए एक पोर्टेबल 'प्वाइंट-ऑफ-केयर' किट विकसित की है। एनआईवी के निदेशक डॉ. नवीन कुमार ने कहा कि यह किट प्रयोगशाला के बाहर भी तुरंत परिणाम दे सकती है और इसे जल्द ही केरल तथा पश्चिम बंगाल जैसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में इश्तेमाल में लाया जाएगा। डॉ. कुमार ने कहा, ''हमने निपाह वायरस का त्वरित और विश्वसनीय तरीके से पता लगाने के लिए लैंप आधारित पोर्टेबल किट विकसित की है। यह प्रयोगशाला की आवश्यकता के बिना कुछ ही मिनटों में परिणाम देती है। किट का पेटेंट भी कराया गया है।''

## बचत खातों पर ब्याज दर 25 साल के न्यूनतम स्तर पर, जनता के साथ अन्याय : कांग्रेस

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷। कांग्रेस ने बैंकों में बचत खाते पर ब्याज दर कम होने संबंधी एक खबर का हवाला देते हुए मंगलवार को सरकार पर ''अर्थव्यवस्था का बंटाधार करने'' का आरोप लगाया और कहा कि यह जनता के साथ अन्याय है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने देश की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का बंटाधार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। नोटबंदी से शुरू होकर देश के लोगों पर हर साल नए प्रयोग हो रहे हैं, उन्हें नित नए तरीकों से प्रताड़ित किया जा रहा है।

## ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट की सीमा पांच लाख की




✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने अंशधारकों के लिए भविष्य निधि जमा से 'ऑटो सैटलमेंट' के माध्यम से अग्रिम राशि निकालने की सीमा एक लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी है।

ईपीएफओ के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि कोविड काल के दौरान एक लाख रुपए तक के अग्रिम दावे के लिए ऑटो सेंटलमेंट की सुविधा शुरू की गई थी जिसे अब पांच लाख रुपए तक बढा दिया गया है। इससे लाखों अंशधारकों को लाभ होगा। ईपीएफओ ने सबसे पहले कोविड-19 महामारी के दौरान सदस्यों के लिए वित्तीय सहायता के लिए यह सुविधा आरंभ की थी। बाद में इसे बीमारी, शिक्षा, विवाह और आवास जैसी आवश्यकता के लिए बढ़ा दिया गया है।

हाल में ईपीएफओ ने अपनी सेवाओं को तेज़, पारदर्शी और जन अनुकूल बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। इनमें अपने ग्राहक को जानो, त्रुटि सुधार की प्रक्रिया को सरल बनाना आदि शामिल है। इसके अलावा अंशधारक को अपने प्रोफाइल सुधार के लिए नियोक्ता और ईपीएफओ पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

सूत्रों अनुसार यह प्रक्रिया बिना किसी मानव संलिप्तता के तेज़ी और पारदर्शिता के साथ दावा निपटाती है।

वित्त वर्ष 2024-25 में ईपीएफओ ने ऑटो सेटलमेंट के ज़रिए रिकॉर्ड 2.34 करोड़ अग्रिम दावे निपटाये हैं जो कि पिछले वर्ष 2023-24 के 89.52 लाख दावों की तुलना में 161 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में जहां 31 प्रतिशत अग्रिम दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाये गये थे। वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 59 प्रतिशत हो गया। आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के शुरुआती ढाई महीनों में ही ईपीएफओ ने 76.52 लाख दावे ऑटो सेटलमेंट से निपटाए हैं, जो अब तक के सभी अग्रिम दावे का 70 प्रतिशत हैं।

## उत्तराखंड में पंचायत चुनाव स्थगित

✷ वेबवार्ता. देहरादून/नैनीताल ✷

उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार शाम को एक अधिसूचना जारी कर उच्च न्यायालय द्वारा सोमवार को जारी स्थगन आदेश के अनुपालन में प्रस्तावित त्रिशतरीय पंचायत चुनाव से संबंधित नामांकन और अन्य कार्रवाई को स्थगित करने की घोषणा की है।

उत्तराखंड के राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर हरिद्वार को छोड़कर शेष 12 जिलों में दो चरणों में त्रिशतरीय पंचायत चुनाव की घोषणा की थी। पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान 10 जुलाई को होना था, जबकि दूसरे चरण का मतदान 15 जुलाई को होना था। मतगणना 19 जुलाई को होनी थी और नामांकन प्रक्रिया आगामी 25 जून से शुरू होकर 28 जून तक चलनी थी।

राज्य चुनाव आयुक्त सुशील कुमार ने मंगलवार देर शाम को जारी अधिसूचना में कहा कि 25 जून से होने वाली सभी चुनाव संबंधी गतिविधियों जैसे नामांकन दाखिल करने आदि को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय आरक्षण संबंधी अधिसूचना में अनियमितताओं के कारण पंचायत चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने के हाईकोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है।

न्यायालय ने सोमवार को जारी अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकार ने त्रिशतरीय पंचायत व्यवस्था के लिए आरक्षण से संबंधित नियमों को विधिवत अधिसूचित नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि उत्तराखंड ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत (सीटों और पदों का आरक्षण और आवंटन) नियम, 2025 को आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित नहीं किया गया है।

नतीजतन, उन नियमों के अनुसार की गई सभी कार्रवाइयां तब तक अमान्य मानी जाती हैं जब तक कि मामले का पूरी तरह से निपटारा नहीं हो जाता। अदालत के आदेश के बाद, राज्य चुनाव आयोग को अपने कानूनी सलाहकार और पंचायती राज विभाग के सचिव के पत्र के माध्यम से औपचारिक सूचना प्राप्त हुई, जिसमें उच्च न्यायालय के निर्णय और चुनाव प्रक्रिया पर इसके प्रभाव का हवाला दिया गया। आयोग ने हालांकि, यह भी कहा कि उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश के आलोक में आरक्षण की स्थिति और सीटों के आवंटन की अस्पष्टता के चलते नामांकन प्रक्रिया या चुनाव-संबंधी गतिविधियों को आगे बढ़ाना अब संभव नहीं है।

## भांजी के स्नातक समारोह में भाग लेने के लिए लंदन गए हैं राहुल : कांग्रेस

एनसीआर टुडे. नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सवाल उठाने के बाद उस पर निशाना साधा और कहा कि वह अपनी भांजी के स्नातक दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए लंदन गए हैं और जल्द ही स्वदेश लौटेंगे। राहुल गांधी की भांजी और प्रियंका गांधी वाद्रा की पुत्री मिराया ब्रिटेन में स्नातक की पढ़ाई कर रही हैं।

भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने इससे पहले गांधी के देश से 'बार बार बाहर जाने' को लेकर हमला बोला था। मालवीय ने 'एक्स' पर कहा, 'राहुल गांधी पिछले हफ्ते गुप्त रूप से छुट्टी मानने के लिए विदेश दौरे पर थे। अब, वह फिर से एक और अज्ञात स्थान पर विदेश चले गए हैं।' उन्होंने कहा, 'वह बार-बार गायब क्यों हो रहे हैं? ऐसी क्या मजबूरी है जो

## तिरुवनंतपुरम से पश्चिम एशिया के लिए उड़ान सेवाएं शुरू, कई विमानन कंपनियों की उड़ानें रद्द

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

पश्चिम एशिया में तनाव के मद्देनजर वहां के हवाई क्षेत्र बंद रहने के बाद अब क्षेत्र में विमान परिचालन सेवा बहाल होने पर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह पश्चिम एशिया के लिए उड़ानें फिर से शुरू हो गईं। अमीरात, एतिहाद एयरवेज और एअर अरब ने सबसे पहले विमान परिचालन सेवा फिर से शुरू की।

हवाई अड्डा से जुड़े सूत्रों ने कहा कि शुरुआती घंटों में बिना किसी व्यवधान के तीन विमान वाहक कंपनियों की उड़ानें दुबई, अबू धाबी और शारजाह के लिए संचालित की गईं और वहां से भारत आईं। हालांकि, कई भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी उड़ान सेवाएं रद्द कर दी हैं।

विभिन्न भारतीय एयरलाइन के क्षेत्र में अपने विमानों का परिचालन रद्द करने के कारण हजारों यात्री प्रभावित होंगे और विमानन कंपनियों को भारी वित्तीय नुकसान होगा। परिचालन संबंधी व्यवधानों से पहले ही जूझ रही एअर इंडिया ने पश्चिम एशिया, यूरोप के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा के पांच गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से रोक दी हैं।

## महाराष्ट्र में वोट की चोरी हुई, डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी की जाएं : राहुल

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले साल हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की शुचिता को लेकर मंगलवार को एक बार फिर सवाल खड़े किए और आरोप लगाया कि प्रदेश में वोट की चोरी हुई है और इस बारे में जानकारी छिपाना ही इसकी स्वीकारोक्ति है।

उन्होंने यह भी कहा कि आयोग को डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज तत्काल जारी करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या केवल पांच महीनों में आठ प्रतिशत बढ़ गई।

उन्होंने दावा किया, ''कुछ बूथों पर 20-50 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। बीएलओ ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वोट डालने की सूचना दी। मीडिया ने बिना किसी सत्यापित पते वाले हजारों मतदाताओं को उजागर किया। और ईसी? चुप – या मिलीभगत!''

उन्होंने आरोप लगाया, ''ये अलग-अलग गड़बड़ियां नहीं हैं। ये वोट की चोरी है। छिपाना ही स्वीकारोक्ति है।''



राहुल गांधी ने कहा, ''इसलिए हम 'मशीन-रीडेबल' डिजिटल मतदाता सूची और सीसीटीवी फुटेज को तत्काल जारी करने की मांग करते हैं।''

उन्होंने पिछले दिनों अलग-अलग भाषाओं के अखबारों में लेख लिखकर भी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए थे।

दूसरी तरफ, निर्वाचन आयोग ने उन्हें पत्र लिखकर कहा है कि आयोग द्वारा सभी चुनाव संसद द्वारा पारित कानूनों और नियमों के अनुसार कराए जाते हैं। आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान हजारों कर्मी तैनात होते हैं, जिनमें राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ-श्तरीय एजेंट भी शामिल हैं।

## सीडीएस को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश देने का अधिकार मिला



✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

सरकार ने युद्ध और विभिन्न अभियानों के समय तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढाने तथा उनकी क्षमताओं का अधिकतम इश्तेमाल करने के उद्देश्य से प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) को तीनों सेनाओं को संयुक्त आदेश जारी करने का अधिकार दिया है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और कार्यशैली में बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सीडीएस को तीनों सेनाओं के लिए संयुक्त निर्देश और संयुक्त आदेश जारी करने के लिए अधिकृत कर दिया है। इससे पहले तीनों के प्रमुख युद्ध या आकस्मित स्थिति तथा अभियानों में अलग-अलग आदेश जारी करते थे।

'संयुक्त निर्देशों एवं संयुक्त आदेशों के अनुमोदन और प्रकाशन के संदर्भ में पहला संयुक्त आदेश आज ही जारी किया गया है। यह प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, कई श्तर पर आदेशों की पुनरावृति को समाप्त करने और अंतर-सैन्य सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देता है। यह पहल तीनों सेनाओं में बेहतर पारदर्शिता, समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की नींव रखती है। यह एकजुटता एवं एकीकरण के एक नए युग की शुरुआत की भी प्रतीक है, जो राष्ट्र की सेवा में कार्यरत सशस्त्र बलों के सामंजस्य को और सशक्त बनाती है।

## भारत के शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष स्टेशन ले जाने वाले मिशन के लिए प्रक्षेपण अब 25 जून को

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को घोषणा की कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) लेजाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण अब 25 जून को होगा।

नासा के एक बयान में कहा गया, ''नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चौथे निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन 'एक्सिओम मिशन 4' के प्रक्षेपण के लिए बुधवार 25 जून को तड़के का लक्ष्य निर्धारित किया है।''

एक्सिऑम-4 वाणिज्यिक मिशन का नेतृत्व कमांडर पैगी व्हिटसन कर रही हैं, जिसमें शुक्ला मिशन पायलट हैं और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू और पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की मिशन विशेषज्ञ हैं। इस मिशन के तहत प्रक्षेपण मूलतः 29 मई को होना था लेकिन फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में तरल ऑक्सीजन के रिसाव और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के पुराने रूसी मॉड्यूल में भी रिसाव होने का पता चलने के बाद पहले इसे आठ जून, फिर 10 जून और फिर 11 जून के लिए टाल दिया गया। इसके बाद प्रक्षेपण की योजना फिर 19 जून के लिए टाल दी गई और फिर नासा द्वारा रूसी मॉड्यूल में मरम्मत कार्यों के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का

## कांगो में विद्रोहियों ने 17 नागरिकों की हत्या की

✷ एनसीआर टुडे. नई दिल्ली ✷

अफ्रीकी देश कांगो में एम23 विद्रोही समूह ने देश के पूर्वी अशांत क्षेत्र में करीब 17 नागरिकों की हत्या कर दी है। सेना ने इसके लिए एम23 विद्रोही समूह को जिम्मेदार ठहराया है।

सेना के अनुसार, एम23 विद्रोहियों ने शनिवार शाम 06:30 बजे दक्षिण किवु प्रांत के वालुंगु इलाके के मुंजिंजी गांव में गांव पर अचानक हमला किया, जिसमें करीब 17 नागरिक मारे गये और कई घर जला दिये गये। इस दौरान काफी लोग अपनी जान बचाने के लिये सेना की चौकियों की ओर भाग गये।



माना जा रहा है कि ये हत्यायें विद्रोहियों के खिलाफ सेना की ओर से चलाए गए अभियान का बदला लेने के लिए की गई हैं। एम 23, इस क्षेत्र के सबसे सक्रिय सशस्त्र समूहों में से एक है जिसने उत्तरी और दक्षिणी किवु प्रांतों में कई बार हमले किये हैं। इन हमलों में हजारों लोग बेघर हो चुके हैं तथा पहले से जारी मानवीय संकट और भी गहरा गया है।

## आज व कल करेंगी मीना कुमारी महिला जनसुनवाई

✷ **एनसीआर टुडे. अलीगढ़** ✷। उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी द्वारा 25 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्लूडी गेस्ट हाउस एवं 26 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से तहसील खैर में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अजित कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर अद्यतन सूचनाओं सहित महिला जनसुनवाई में स्वयं उपस्थित होने का कष्ट करें।

## प्रसन्न व शांत हृदय से ही हम आत्मा को जान पाते हैं : बाबा फुलसंदे वाले

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। गुरूगद्दी दरबार फुलसंदा आश्रम में आयोजित सतसंग में बाबा फुलसंदे वालों ने कहा कि हम शरीर नहीं आत्मा है यह मान लेना सबसे बड़ा धर्म आचरण है। नियम और संयम के साथ रहने से मनुष्य का हृदय प्रसन्न व शांत रहता है। दूसरी ओर काम, क्रोध, मद, मोह, अहंकार आदि के वसीभूत रहने से हमारा हृदय अंशात व कुंठित रहता है। प्रसन्न व शांत हृदय से ही हम आत्मा को जान पाते हैं जबकि कुंठित हृदय से आत्मा को जान पाना संभव नहीं है। कहा कि आत्म तत्व और ब्रह्म तत्व एक ही है। आत्मा परमात्मा का ही अंश है। साधना के माध्यम से हमें अपनी आत्मा को पवित्र कर परमात्मा में ध्यान लगाना चाहिए। सत्कर्म करते हुए अपना जीवन गुजारना चाहिए। सदा परमेश्वर का मनन, चिंतन व ध्यान करना चाहिए। ऐसा करने से एक दिन हमारी आत्मा परमात्मा में विली

## पुलिस को मिली भारी सफलता, चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ तीन आरोपियों गिरफ्तार

✷ **एनसीआर टुडे. धामपुर** ✷। पुलिस ने तीन आरोपियों को चोरी की पांच मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्रों के साथ गिरफ्तार किया ।पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान थाना रेहड़ निवासी सुनील कुमार पुत्र विक्रम सिंह थाना धामपुर निवासी जैनेंद्र चौहान पुत्र रामनाथ सिंह को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से एक तमंचा, और जिंदा कारतूस, और एक अवैध चाकू भी बरामद किए । उन्होंने पूछताछ में बताया की बरामद हुई मोटरसाइकिल को उनके द्वारा 10 से 11 दिन पहले अपने तीसरे साथी थाना धामपुर निवासी अंकुर कुमार पुत्र मुकंदी सिंह के साथ मिलकर जनपद हरिद्वार से चोरी किया गया था। पुलिस ने तीसरे आरोपी अंकुर कुमार को भी गिरफ्तार किया और अन्य पाच बाइके भी बरामद की। गिरफ्तार हुए तीनों आरोपियों का अपराधिक इतिहास भी है जिन पर रेहड़ और धामपुर थाने पर मुकदमे भी दर्ज हैं। कई दिनों से मोटरसाइकिलों की चोरी की सूचना मिल रही थी।

## मॉनिटर लिजर्ड जीव मिलने पर हड़कंप

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। नहटौर थाने की आवासीय कॉलोनी में एक महिला सिपाही के क्वार्टर में मॉनिटर लिजर्ड जीव मिलने पर हड़कंप मच गया। सर्प मित्र बी भास्कर की टीम ने मौके पर रेस्क्यू करते हुए मॉनिटर लिजर्ड को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। नहटौर थाने की आवासीय कॉलोनी में एक मॉनिटर लिजर्ड जीव दिखाई देने पर हड़कंप मच गया। सूचना पर सर्प मित्र बी भास्कर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि इसको हिन्दी में पटड़ा गोह कहते है। लोगों में भ्रम है कि यह जहरीली होती है।

## आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी ने लोगों से किया जनसंपर्क

✷ **एनसीआर टुडे. चांदपुर** ✷। आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी एवं विधानसभा चाँदपुर प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने अपने साथियों के साथ ग्राम पीर ऊपरी मे प्रधान जी के निवास स्थान पर जुल्फिकार प्रधान, हाजी बाबु, डाक्टर गुलजार, मोहसिन भाई, मारूफ भाई तथा अनेक लोगों से मुलाकात कर जनसंपर्क किया। तदुपरांत जिला प्रभारी ग्राम मुबारक पुर पहुचे जहा ग्राम प्रधान अफताब अहमद,नय्यर नंबरदार, तमीम भाई, शब बू भाई, शंब बन प्रधान आदि से मुलाकात की तथा जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दोरान लोगों को माननीय सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद जी के संघर्षों और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया।

## गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच हुई

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷। करहेड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की गई। इस कार्यक्रम में कुल 45 गर्भवती महिलाओं ने जांच कराई।

# 115 दिन में पतियों ने की 30 पत्नियों की हत्या, डरा रहे छत्तीसगढ़ के चौंकाने वाले आंकड़े

**रायपुर, एजेंसी।** देशभर में चर्चित इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के बीच छत्तीसगढ़ से एक बेहद चौंकाने वाली भयावह खबर सामने आई है। यहां पिछले 115 दिनों में 30 महिलाओं की उनके पतियों द्वारा हत्या कर दी गई। अगर औसत के हिसाब से देखें तो करीब हर चार दिन में एक महिला हत्या की गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आंकड़े बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में पत्नियों की हत्या के 30 मामलों में से 10 से ज्यादा हत्याएं चरित्र पर शक या ईर्ष्या के कारण, 6 नशे की हालत में और दो सेक्स से इनकार करने के कारण हुई हैं। बाकी हत्या घरेलू हिंसा, दहेज विवाद या वैवाहिक तनाव के कारण हुई हैं।

धमतरी में एक युवा जोड़े की शादी को सिर्फ तीन महीने हुए थे। 7 जून को पति ने अपनी पत्नी के साथ प्यार का इजहार करते हुए एक फोटो पोस्ट की। तीन दिन बाद उसने दरांती से उसका गला रेत दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि आरोपी पति धनेश्वर पटेल ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक के चलते उसकी हत्या करने की बात कबूल की है।

इससे पहले 22 मार्च को बालोद में एक महिला टीचर की हत्या कर उसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई थी। पुलिस की गहन जांच से पता चला कि महिला के पति शीशपाल और उसके दोस्त ने उसकी हत्या करने के बाद इसे हादसे की शक्ल देने का नाटक किया था। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी योगेश पटेल ने कहा कि आरोपी के परिचित कयामुद्दीन ने पूछताछ के दौरान कबूल किया कि हत्या की योजना पहले से बनाई गई थी।

समाजशास्त्री प्रोफेसर डीएन शर्मा ने सोशल मीडिया में फैलाई जा रही लिंग संबंधी गलत धारणा की आलोचना की। शर्मा ने कहा



कि यह चुनिंदा आक्रोश पितृसत्ता में निहित है। पुरुषों ने हजारों हत्याएं की हैं, लेकिन अगर कोई महिला ऐसा करती है, तो पूरी महिला समाज को कलंकित किया जाता है। हत्या तो हत्या है - लिंग के आधार पर गंभीरता नहीं बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ सनसनीखेज मामलों के आधार पर महिलाओं को ठप्पा लगाना हमारी गहरी पुरुष-प्रधान मानसिकता को दर्शाता है। पत्नियों को ट्रोल करना न केवल गलत है - यह खतरनाक भी है।

शक, क्रोध और दबाव के बोझ तले दबे रिश्तों के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि समाज हिंसा को रोकने के बजाय उसे सामान्य बना रहा है। विशेषज्ञों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के आंकड़े मजाक की नहीं बल्कि बातचीत, समर्थन और सुरक्षा की जरूरत को दर्शाते हैं।

बता दें कि, मध्य प्रदेश के इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान हत्या के आरोप में उनकी नवविवाहिता पत्नी सोनम रघुवंशी की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर ऐसी पत्नियों के मीम्स और मजाक की बाढ़ आ गई है। सोनम की अपने पति की हत्या के आरोप में गिरफ्तारी से जुड़े सनसनीखेज मामले ने ऑनलाइन सनसनी फैला दी है। ऐसी पत्नियों को हत्यारी, भरोसा तोड़ने वाली और अपराधी करार दिया जा रहा है।

# ट्रैफिक में फंसे सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, दौरा बीच में छोड़कर लौटना पड़ा

**पुणे, एजेंसी।** निरीक्षण के लिए दौरे पर निकले केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को अपना काम बीच में छोड़कर लौटना पड़ गया। खबर है कि सोमवार को पुणे में भारी ट्रैफिक के चलते उनके काफिले को यह फैसला लेना पड़ा। वह एक अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट के निरीक्षण के लिए रवाना हुए थे, लेकिन दौरा पूरा नहीं हो सका। खास बात है कि बीते एक सप्ताह से पुणे में भारी बारिश जारी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पुणे में भारी ट्रैफिक के बाद गडकरी को अपना दौरा बीच में रोकना पड़ा। केंद्रीय मंत्री के ट्रैफिक में फंसने के कारण दौरा रद्द कर दिया गया। वह पुणे के पुराने शहर और खासतौर से शनिवार पेठ में ट्रैफिक स्थिति सुधारने के मकसद से बनाए जा रहे फोर लेन अंडरग्राउंड टनल प्रोजेक्ट का जायजा लेने जा रहे थे। कस्बा विधायक हेमंत रसाने के अनुरोध पर केंद्रीय मंत्री गडकरी का यह दौरा तय किया गया था। शनिवार पेठ में शनिवार वाड़ा के मुख्य द्वार तक वह गडकरी के साथ थे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने जानकारी दी है, हमने उन्हें बताया है कि



कहां से प्रोजेक्ट शुरू होगा और उन्हें जानकारी दी। उन्होंने भरोसा दिया है कि वह अध्ययन करेंगे और बाद में विस्तार से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा, बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए, नागरिकों की सुविधा और मंत्री की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने निरीक्षण छोटा करने का सुझाव दिया था। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री इस सुझाव पर सहमत हुए और बताया कि दौरा बाद में भी तय किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि पुलिस और नगर प्रशासन के बीच कुछ गलतफहमी हो गई थी, क्योंकि उन्हें यह पहले नहीं बताया गया था कि निरीक्षण किस तरह का होगा। सरकार की योजना है कि दो सुरंग बनाई जाएं, जिनमें एक शनिवार वाड़ा से स्वारगेट तक जाएगी। वहीं, दूसरी सारसबाग से शनिवार वाड़ा तक जाएगी। इस लिहाज से टनल 2.5 किमी लंबी होगी। इन सुरंगों की मदद से नागरिक शिवाजी रोड और बाजीराव रोड पर होने वाले ट्रैफिक से बच सकेंगे। फिलहाल, शिवाजी रोड पर शनिवार वाडा से स्वारगेट तक का ट्रैफिक होता है। जबकि, लौटने का ट्रैफिक बाजीराव मार्ग पर होता है।

# मुस्लिम देशों पर भड़के फारूक अब्दुल्ला, बोले- कई देश बनेंगे इजरायल और अमेरिका का निशाना

**जम्मू, एजेंसी।** इजरायल और अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला सुन्नी बहुल मुस्लिम देशों पर ही भड़क गए हैं। उन्होंने कहा कि आज अरब के देश सोचते हैं कि ईरान पर हमला हुआ है। लेकिन कल अरब के अन्य देशों पर भी हमला होगा। वे देश अमेरिका की नीति के खिलाफ हैं लेकिन उनमें बोलनी का साहस ही नहीं है।

फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को अरब देशों को चेतावनी दी कि इजराइल और अमेरिका का अगला निशाना वही होंगे क्योंकि उनके तेल और गैस पर दोनों देशों की नजर है। उन्होंने कहा, 'यह उनकी (अमेरिका की) लंबे समय से नीति रही है कि ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनना चाहिए। यहां तक ??कि क्षेत्र के सुन्नी देश भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन उनमें बोलने का साहस नहीं है।''

अब्दुल्ला ने यहां नवा-ए-सुबह में पार्टी की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'आज वे सोचते हैं कि ईरान पर हमला हुआ



है, लेकिन मैं आपके माध्यम से उन्हें चेतावनी देना चाहता हूं कि एक दिन इजराइल उन पर भी हमला करेगा, क्योंकि वे तेल और गैस जैसी उनकी संपत्ति चाहते हैं। इजराइल केवल एक मुखौटा है, अमेरिका उसके ठीक पीछे खड़ा है।' पश्चिम एशिया में युद्ध के विकराल रूप लेने के असर के बारे में पूछे जाने पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सभी देशों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि (अन्य) विश्व शक्तियां स्थिति पर नजर रख रही हैं। अगर यह (युद्ध) बढ़ता है, तो हर देश की आर्थिक स्थिति बर्बादी की ओर बढ़ जाएगी। उन्हें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए और मैं प्रार्थना करता हूं कि वे सफल हों, क्योंकि भारत में भी हमारी स्थिति बहुत खराब है।' जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की शर्तों को लेकर मीडिया के एक धड़े में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मीडिया झूठ फैला रहा है।

# 80 फार्म हाउस तोड़े गए, पर यह कुछ भी नहीं; फरीदाबाद में 6497 पर चलेगा बुलडोजर

**फरीदाबाद , एजेंसी।** फरीदाबाद के अरावली वन क्षेत्र में वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई के तहत अब तक एक प्रतिशत ही अवैध कब्जों को हटाया जा सका। ऐसे में वन विभाग के सामने 26 दिनों में सभी चिन्हित 6497 निर्माणों को हटाना बड़ी चुनौती है। वन विभाग को 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करनी है। सोमवार को वन विभाग ने अवैध कब्जों को हटाने के लिए निशानदेही की। मंगलवार से इन फार्म हाउस को जमींदोज करने का काम शुरू होगा।मसुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अरावली वन क्षेत्र में बने बैंक्वेट हॉल, फार्म हाउस, रिजॉर्ट और अन्य अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई चल रही है। इस कार्रवाई को चलते 13 दिन हो गए हैं और अब तक 80 फार्म हाउस की तोड़े जा सके हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई धीमी होने का मुख्य कारण फार्म संचालक सहित अन्य लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाना है। लोगों द्वारा बार-बार विरोध किए जाने से अवैध निर्माणों के खिलाफ चल रही कार्रवाई बाधित हो रही है।

वन विभाग और नगर निगम की संयुक्त सोमवार को भी अवैध निर्माणों को तोड़ने के लिए पहुंची थी, लेकिन निर्माणों की निशानदेही के अभाव में कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया जा सका। पूरा दिन अवैध कब्जों की निशानदेही में बीत गया। बता दे कि वन विभाग की टीम ने सूरजकुंड रोड स्थित अरावली वन क्षेत्र में बने जन्नत वैली फार्म हाउस, ईडन गार्डन, केके उज्ज्वला फार्म और योगी फार्म हाउस की निशानदेही की। जिला कार्यकारी वन अधिकारी राजकुमार ने कहा कि अवैध कब्जों को हटाने के लिए सोमवार को चार फार्म हाउस की निशानदेही की गई। मंगलवार को हटाया जाएगा। इसके अलावा सभी बड़े फार्म हाउस, बैंक्वेट हॉल को तोड़ा जा चुका है। अब छोटे-छोटे निर्माण रह गए हैं, जिन्हें तोड़ने में अत्यधिक समय नहीं लगेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब भूमि संरक्षण अधिनियम (पीएलपीए) के तहत अरावली वन क्षेत्र में अवैध निर्माणों को हटाने का आदेश दिया है। इस आदेश के तहत, फरीदाबाद में अरावली क्षेत्र में अवैध रूप से बनाए गए फार्महाउस, बैंक्वेट हॉल, बाउंड्री वॉल और गेट आदि को तोड़ा जा रहा है।

# जयपुर के चिकित्सक से पत्नी-साले समेत तीन ने की मारपीट

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷

जयपुर के चिकित्सक ने मध्यस्थता विफल होने के बाद पत्नी, साले तथा एक अज्ञात व्यक्ति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने जयपुर के निर्माण नगर थाने मे केस दर्ज कराया था।

मामला गाजियाबाद का होने के कारण केस यहां ट्रांसफर कर दिया गया, जिसके बाद क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने केस दर्ज किया है। जयपुर दक्षिण राजस्थान के श्याम नगर में रहने वाले डॉ. रवि प्रकाश गौड का कहना है कि उनका क्रॉसिंग रिपब्लिक की पैरामाउंट सिंफनी सोसाइटी में रहने वाली पत्नी नितिशा बंसल से उनका वैवाहिक मतभेद चल रहा है।

उनकी पत्नी ने रेवती कुंज हापुड़ निवासी अपने भाई अभिषेक गोयल की सहायता से उन पर भरण पोषण तथा घरेलू हिंसा का केस हापुड़ से कर रखा है।

16 फरवरी 2025 को दोनों पक्षों के वकीलों की मदद से मध्यस्थता का प्रश्ताव रखा गया था, जिसके चलते वह हापुड़ गए थे। मध्यस्थता करीब दो घंटे चली, जिसमें वह, दोनों पक्षों के वकील, पत्नी तथा साला मौजूद थे। पत्नी और साले की नाजायाज



मांग के चलते मध्यस्थता सफल नहीं हो सकी और वह वहां से निकल गए।

डॉ. रवि प्रकाश गौड का कहना है कि गाजियाबाद पहुंचने पर पत्नी, साले तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया। गाड़ी से उतरते ही तीनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी।

उन्होंने दहशत में आकर उन्होंने पत्नी के पैर छूकर माफी मांगी। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें उनकी सभी मांग मानने की हामी भरवाई। डॉ. रवि प्रकाश गौड के मुताबिक उनकी बेटी 20 सितंबर 2024 को उनकी अभिरक्षा से ले ली गई थी।

उसकी पढ़ाई के नुकसान और परीक्षा न छुड़वाने का हवाला देते हुए उन्होंने बेटी से मिलवाने की गुहार लगाई तो पत्नी अगले दिन गाजियाबाद में मिलवाने के लिए बोल दिया। आरोप है कि अगले दिन उन्होंने काफी फोन और मैसेज किए, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला जिसके चलते उन्हें गाड़ी में ही सोना पड़ा। डॉ. रवि प्रकाश गौड के मुताबिक अगले दिन सुबह पत्नी अपने पिता तथा बेटी के साथ अपनी कार से उनके पास से गुजरी। उन्होंने उन्हें पीछे-पीछे आने का इशारा किया। उन्होंने गाड़ी नहीं रोकी, बल्कि मोबाइल में उनकी वीडियो बनाने लगे। थोड़ी देर में पत्नी और उसका पिता उनकी बेटी को लेकर आंखों से ओझल हो गए। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने गाजियाबाद पुलिस से शिकायत की तो उन्हें हापुड़ या जयपुर में केस दर्ज कराने के लिए कह दिया गया। डॉ. रवि प्रकाश गौड का कहना है कि वह अपने-पिता की इकलौती संतान हैं।

पत्नी और उसके परिजनों की प्रताड़ना से वह तंग आ चुके हैं। थक-हारकर पीड़ित ने जयपुर के निर्माण नगर थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। मारपीट की घटना गाजियाबाद की होने के कारण जयपुर पुलिस ने केस को गाजियाबाद भेज दिया, जिसके बाद क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने पीड़ित की पत्नी, साले तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी का कहना है कि जांच कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## उधार की रकम मांगी तो घर आकर हमला कर दिया

**एनसीआर टुडे. गाजियाबाद।** सिहानी गेट थानाक्षेत्र में उधार दिए एक लाख रुपये मांगने पर दंपति समेत चार लोगों ने पीड़ित के घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया। साथ ही दोबारा रकम मांगने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि चारों लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। छज्जू क्वार्टर भाटिया मोड़ निवासी आजम पठान का कहना है कि थाना कोतवाली नगर, जिला बुलंदशहर के नरसल घाट निवासी नईम और उसकी पत्नी हिना उर्फ तबस्सुम तथा रुकसाना उर्फ छोटन ने करीब को साल पहले उनसे और उनके बड़े भाई मोहम्मद नाजिम से एक लाख रुपये उधार लिए थे। तीनों लोगों ने छह महीने के अंदर रकम लौटाने का वादा किया था। निर्धारित समयावधि बीतने पर उन्होंने नईम, हिना और रूकसाना से तगादा किया तो तीनों तरह-तरह के बहाने बनाकर उन्हें टरकाने लगे। दबाव डालने पर आरोपियों ने रकम लौटाने से साफ इनकार कर दिया। आजम पठान का कहना है कि इसके बाद उन्होंने 25 अप्रैल 2025 को दोबारा से रुपयों की मांग की तो आरोपियों ने उनके घर आकर बात करने के लिए कहा।

# महाराष्ट्र के स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा बनाने का फैसला रुका

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार ने हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लाने का फैसला फिलहाल रोक दिया है। महाराष्ट्र में पहली से पांचवीं कक्षा के लिए हिंदी को तीसरी भाषा के तौर पर लागू किया जाना था। लेकिन सोमवार रात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद इस पर रोक लग गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के मुताबिक अंतिम फैसले से पहले साहित्यिक दिग्गजों, विषय विशेषज्ञों और नेताओं से विचार-विमर्श किया जाएगा। माना जा रहा है कि स्थानीय निकाय चुनावों के निकट आने के चलते प्रदेश सरकार ने यह फैसला रोका है।

**हो रहा है तगड़ा विरोधत्न** महाराष्ट्र में यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। कक्षा एक से पांचवीं तक में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने को लेकर यहां काफी विरोध हो रहा है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने इस



फैसले का विरोध किया है। गौरतलब है कि आगामी स्थानीय चुनाव के लिए भाजपा और शिवसेना (शिंदे) मनसे को अपने साथ लाना चाहते हैं। विपक्ष ने कहाकि यह कदम भाजपा का है। वह प्रदेश में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में थोपना चाहती है। सिर्फ राजनीतिक तबकों ही नहीं, बल्कि साहित्य से जुड़े लोग भी इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। साल 2021 में अपनी कविता के लिए राज्य पुरस्कार से सम्मानित कवि हेमंत दिवाते ने कहाकि अगर हिंदी लागू की गई तो वह अपना पुरस्कार लौटा देंगे। यह दूसरी बार है जब प्रदेश सरकार को तीसरे भाषा के रूप में हिंदी को लागू करने को लेकर पीछे हटना पड़ा है। इसी साल अप्रैल में एक सरकारी निर्णय जारी हुआ था। इसमें कहा गया कि हिंदी तीसरी भाषा होगी और यह कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए अनिवार्य होगी। हालांकि मनसे और अन्य लोगों के विरोध के बाद सरकार ने यह फैसला रोक दिया। 17 जून को राज्य ने एक संशोधित आदेश जारी हुआ। इसमें सरकार ने तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य हिंदी शब्द को हटा दिया। इसके बदले छात्रों को किसी अन्य भाषा का विकल्प चुनने का अवसर दिया, बशर्ते कम से कम 20 छात्रों ने उसके लिए विकल्प चुना हो।

# जासूसी कांड में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राहत नहीं, जमानत याचिका खारिज; जेल में काटने होंगे दिन

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। हिसार न्यायालय ने वीडियो कॉनफ्रेंसिंग के जरिए ज्योति की पेश हुई, जिसमें उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब इस मामले की सुनवाई आगामी सात जुलाई को होगी।

ज्योति के वकील ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह याचिका खारिज होने से निराश नहीं हुए हैं। अब वह सेशल कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल करेंगे। इसके अलावा भी वह अन्य कानूनी विकल्पों पर विचार



कर रहे हैं। वकील कुमार मुकेश ने कहा, ज्योति पर जो धाराएं पुलिस ने लगाई हैं वह गलत हैं। इसके अलावा पुलिस की शुरुआती जांच में जो सबूत या तथ्य सामने आए हैं उसमें ज्योति पर लगे आरोप साबित नहीं हो रहे हैं।

कुमार ने कहा,पुलिस की जब चार्जशीट सामने आएगी उसके बाद ही पता चल सकेगा कि आखिर किस आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की है। गर बीएनएस की धारा 152 नहीं हटती है तो पुलिस 90 दिन में चार्जशीट पेश कर सकती है। अगर धारा हट जाती हैं तो बाकी धाराओं के हिसाब से 60 दिन में चार्जशीट पेश कर सकती है। आपको बता दें पहलगाम आतंकी हमले के बाद एजेंसियों के कान खड़े हो गए थे। जिसके बाद की गई कार्रवाई में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में 16 मई को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार के बाद वह 9 दिनों तक पुलिस रिमांड पर रही।

## कपड़ा बनाने वाली फैक्टरी में आग लगी

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मुरादनगर के पुरानी गुड़मंडी कॉलोनी स्थित कपड़ा बनाने वाली फैक्टरी में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। घटना में लाखों रुपये की कीमत का धागा जलकर राख हो गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल की दो गाड़ियों ने तीस मिनट में आग बुझा दी। ममता वाली गली कॉलोनी निवासी हार्दिक गोयल की पुरानी गुड़मंडी कॉलोनी में कपड़ा बनाने की फैक्टरी है। फैक्टरी में दो दर्जन से अधिक मजदूर काम करते हैं। मंगलवार दोपहर एक बजे के आसपास लंच टाइम होने पर अधिकांश मजदूर फैक्टरी से बाहर चले गए। इसी बीच फैक्टरी के अंदर से धुआं निकलना शुरू हो गया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर आसपास की फैक्टरी में काम करने वाले लोग बाहर निकल आए। इसके बाद घटना की सूचना मुरादनगर थाने और दमकल विभाग को दी गई। दमकल की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। हादसे के समय फैक्टरी के अंदर कोई मौजूद नहीं था। फैक्टरी मालिक हार्दिक ने बताया कि लाखों रुपये का सामान जलकर राख हुआ है। अन्य नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं, दमकल विभाग के निरीक्षक अमित चौधरी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के चलते आग लगने की बात सामने आ रही है।

## बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीना

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। राजनगर एक्सटेंशन में बाइक सवार बदमाशों ने मीडियाकर्मी का मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित ने नंदग्राम थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। राजनगर एक्सटेंशन की गुलमोहर गार्डन सोसाइटी में रहने वाले गौरव त्यागी मीडिया संस्थान में कार्यरत हैं। उनका कहना है कि 20 जून की शाम करीब चार बजे वह सोसाइटी के बाहर बाजार में सामान खरीदने आए हुए थे। आईफोन उनके हाथ में था। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश आए और उनका आईफोन छीनकर ले गए। उन्होंने शोर मचाते हुए पीछा भी किया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आ सके। घटना के संबंध में गौरव त्यागी ने नंदग्राम थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। एसीपी पूनम मिश्रा का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। बदमाश फुटेज में कैद मिले हैं, लेकिन उनकी बाइक पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। बदमाशों के भागने का रूट खंगाला जा रहा है।

## सिपाही को 11 हजार देकर 1 लाख ठगे

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। कौशांबी थानाक्षेत्र में रहने वाले सिपाही से जालसाजों ने घर बैठे कमाई का झांसा दे 11 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए और फिर एक लाख रुपये ठग लिए। सात जून की घटना में सोमवार को रिपोर्ट दर्ज की गई है। वैशाली स्थित 41वीं वाहिनी पीएसी में तैनात दीपक शर्मा को सात जून को व्हाट्सएप पर एक मैसेज मिला था। लिंक के माध्यम से एक साइट पर साइन अप कराया और इसके बदले उनके खाते में 10,999 रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगों ने कहा कि इस रकम से कुछ उत्पादों को साइट से खरीद लो। बाद में यह पैसा 30-40 फीसदी रिटर्न के साथ आपके खाते में आ जाएगा। तीन दिन तक वह छोटे-मोटे प्रोडक्ट खरीदते रहे, जिनके एवज में उनके खाते में रिटर्न भी दिख रहा था। इसके बाद उन्हें बड़ा मुनाफा कमाने के लिए 50 हजार रुपये जमा करने को कहा। पैसे देने पर कहा कि उसका स्लॉट फुल हो चुका है। अब एक लाख रुपये देने होंगे। उन्होंने 50 हजार रुपये दिए तो ठगों ने फिर वही बात दोहराई और 1.28 लाख रुपये मांगे। इसके बाद पीड़ित को ठगी को एहसास हुआ और उन्होंने खाते को ब्लॉक करा पुलिस को सूचना दी।

## मानसिक रूप से बीमार किशोर लापता

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मोदीनगर के थानाक्षेत्र के गांव बुदाना से 16 वर्षीय मानसिक रूप से बीमार किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस ने मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव बुदाना निवासी ऊषा देवी ने बताया कि उसका 16 वर्षीय पुत्र मोहित मानसिक रूप से बीमार है। 22 जून को वह लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी वह नहीं मिला तो थाने में तहरीर दी।

## डंपर चालक ने डंडे से किया हमला

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। मसूरी इलाके के निवासी नौशाद का कहना है कि 15 जून की शाम को वह गाड़ी चलाकर नाहल गांव जा रहे थे। नहर के पास पहुंचने पर एक डंपर के चालक ने उन्हें डंडा मारा, जिससे उन्हें काफी चोट आई। विरोध करने पर आरोपी चालक ने उनके साथ गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। नौशाद के मुताबिक अपना उपचार कराने के चलते वह शिकायत नहीं दे पाए। घटना के संबंध में पीड़ित ने 23 जून को मसूरी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। सीओ मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। डंपर के नंबर के आधार पर आरोपी चालक को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अलमारी से नगदी-जेवर चोरी किए

✷ एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷। लालकुआं की मानसरोवर पार्क कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे लाखों के नगदी-जेवर चोरी कर लिए। पड़ोसी ने बताया कि उसने कॉलोनी में रहने वाले दंपती को घर से निकलते देखा था। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर दंपती की भूमिका की जांच की जा रही है। मानसरोवर पार्क कॉलोनी में रहने वाले प्रदीप कुमार का कहना है कि 16 जून को जब वह ड्यूटी से घर आए तो पत्नी प्रीति ने बताया कि अलमारी से सोने की तीन अंगूठी, सोने का पैंडिल और 20 हजार रुपये की नगदी गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी गायब सामान का पता न लगने पर प्रदीप कुमार ने डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस बुला ली। पुलिस ने मौका-मुआयना कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदीप कुमार के मुताबिक उन्होंने आस-पड़ोस के लोगों से पता किया तो पड़ोसी राहुल ने बताया कि उसने आठ जून की सुबह करीब साढ़े दस बजे कॉलोनी में रहने वाले नागेश्वर और उसकी पत्नी को उनके घर से निकलते देखा है। इसके बाद प्रदीप कुमार ने दंपती पर शक जाहिर करते हुए वेव सिटी थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर 23 जून को केस दर्ज कर लिया गया है। घटना में नागेश्वर और उनकी पत्नी की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# चार कॉलोनी संचालकों को नोटिस जारी

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

नगर पालिका के सीमा के अंतर्गत चार कॉलोनी संचालकों को 15 दिन के भीतर कॉलोनी का नक्शा व विकास शुल्क जमा करने के लिए नोटिस जारी किया है।

नगर पालिका के ईओ ओम गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पालिका के सीमा के अंतर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से कॉलोनी का निर्माण कराया जा रहा है। एनजीटी भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के यह विपरीत है।

इसी को लेकर मोहल्ला छापेग्रान में बन रही कॉलोनी के संचालक जावेद आलम, मोहल्ला नौधा में बन रही कॉलोनी के संचालक बहाजुद्दीन, ताकियागढी पूर्वी कालोनी के संचालक इरफान मंसूरी, मोहल्ला होली में कॉलोनी के संचालक गुनवान सिंह को 15 दिन के भीतर कॉलोनी का नक्शा नगर पालिका में जमा करने और विकास शुल्क नगर पालिका के खाते में



जमा करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। 15 दिन के भीतर नक्शा व विकास शुल्क के जमा नहीं करने पर ध्वशतीकरण कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एसडीएम रितु रानी ने बताया कि 15 दिन के भीतर नक्शा पास कराकर जमा नहीं किया गया तो अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी।

## कुत्तों के हमले से बालक गंभीर घायल

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

ननिहाल में घर के बाहर खेल रहे 7 वर्ष से बच्चे पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। जिसमें बच्चा गंभीर



रूप से घायल हो गया।

घायल को सीएचसी में भर्ती कराया।ग्राम बेगराजपुर निवासी इफ्तिखार का 7 वर्षीय पुत्र अब्दुल कादिर नहटौर के नया बाजार स्थित अपने नाना सरफराज के यहां आया हुआ था। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। अचानक आये आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। चीख पुकार सुनकर मौके पर पर आये मोहल्ले वासियों ने लाठी डंडे लेकर कुत्तों को भगाया। कुत्तों के हमले में घायल हुआ हुए क़ादिर को परिजन व सभासद रियासत बोंटिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। मोहल्लेवालों ने बताया कि आवारा कुत्ते आएदिन लोगों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से कुत्तों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की।

# छिपकली गिरी लौकी खाने से छह की हालत बिगड़ी

✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷



खाने बताते समय उसमें छिपकली गिर गई। खाना खाने के बाद परिवार के छः लोग असहज महसूस करने लगे।

उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

गांव दुगरी निवासी अजमी पत्नी जाहिद ने रविवार दोपहर लौकी की सब्जी बनाई थी। जिसमें किसी समय छिपकली गिर गई। खाना खाने के बाद बर्तन में छिपकली होने का पता लगा।

साथ ही खाने खाने के बाद अजमी (30), उसका पुत्र फाहिद (10) व अब्दुल रहमान (7), पुत्री जुनेजा (9) व अनेजा (3) व रिश्तेदार अली (11) असहज महसूस करने लगे। परिजनों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया तथा कुछ समय तक अपनी निगरानी में रखा। उसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया। एमओआईसी डॉ.आशीष कुमार आर्य ने बताया कि सामान्य घरेलू छिपकली जहरीली नहीं होती हैं।

फिर भी उनकी त्वचा में कुछ बैक्टीरिया या सूक्ष्मजीव मौजूद हो सकते हैं जिससे संक्रमण का खतरा हो सकता है। भर्ती परिवार के लोगों को एंटी एलर्जिक दवाईयां दी गई हैं। उन्होंने अपील की कि यदि खाने की किसी भी चीज में छिपकली गिर जाए तो उसे खाए नहीं बल्कि उसे फेंक दें।

## 21 खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो समर कैंप में किया प्रतिभाग



✷ एनसीआर टुडे. नहटौर ✷

15 दिवसीय ताइक्वांडो सेल्फ डिफेंस समर कैंप का समापन विवेकानंद दिव्य भारती उत्तर प्रदेश द्वारा आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर में किया गया। कैंप में नहटौर क्षेत्र के 21 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करके कीक, पचं, टाइल्स ब्रोकिंन, फट्टा ब्रोकिंन, सेल्फ डिफेंस के द्वारा अपना कौशल दिखाया।

जिसमें सभी खिलाड़ियों को विवेकानंद दिव्य भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष योगेंद्र पाल सिंह योगी सहित सभी कार्यकर्ताओं ने नहटौर ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच चमन सैनी को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय को देखते हुए विवेकानंद दिव्या भारती ने यह लक्ष्य रखा है कि पूरे भारत देश के प्रत्येक घर में प्रत्येक महिला, बहन, बेटियों को मार्शल आर्ट के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाना है।

यह जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश से शुरू कर दिया गया है। जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव राजू राजपूत ने योगेंद्र पाल सिंह योगी के इस लक्ष्य की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

## सन्त कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार के लिए 04 सितम्बर तक करें आवेदन

✷एनसीआर टुडे. अलीगढ़ ✷

सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग देवेन्द्र कुमार ने बताया है कि हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग द्वारा संचालित सन्त कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना वर्ष 2025-26 के लिए अलीगढ़ परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपद-अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा एवं मथुरा में निवास करने वाले समस्त बुनकरों से उनके उत्पादन के उत्कृष्ट नमूने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के चयन के लिए आंमत्रित है।

उन्होंने बताया कि बुनकर बन्धु अपने उत्कृष्ट नमूनों के साथ समस्त विवरण जैसे-वार्प, वेस्ट, सूत एवं रंग डिजाइन इत्यादि सम्बन्धी तकनीकी विवरण प्रार्थना-पत्र एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ संलग्न कर संबंधित जिले में तैनात क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से अथवा सीधे परिक्षेत्रीय कार्यालय-सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग को 04 सितम्बर 2025 तक जमा करा दें। प्रार्थना-पत्र का प्रारूप किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय या क्षेत्रीय कर्मचारी से प्राप्त कर सकते है।

# कार्बन क्रेडिट में भारत का दूसरा नगर निगम होगा गाजियाबाद, स्वीकृति की कार्यवाही पूर्ण

### गीले कचरे से कंपोस्टिंग तथा एलईडी लाइट के उपयोग ने लगभग 2 लाख 70 हजार कार्बन उत्सर्जन में की कमी

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷





नगर निगम वैश्विक मंच पर कार्बन क्रेडिट परियोजना पंजीकृत करने वाला उत्तर प्रदेश में पहला तथा भारत में दूसरा नगर निगम बना है। स्थायित्व और जलवायु कार्रवाई की दिशा में एक अग्रणी कदम उठाते हुए गाजियाबाद नगर निगम अपने स्थाई प्रथाओं के माध्यम से कार्बन क्रेडिट उत्पन्न करने तथा अंतर्राष्ट्रीय कार्बन बाजार में भाग लेने वाला उत्तर प्रदेश का पहला शहरी स्थानीय निकाय बन गया है, जिसके लिए महापौर सुनीता दयाल ने शहरवासियों को शुभकामनाएं दी।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम ने पुरानी लाइटों को बदलते हुए नई एलइडी लाइट लगवाई गई तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रम में गीले कचरे से कंपोस्टिंग की कार्यवाही को बढ़ाया गया जिसके फलस्वरुप परियोजनाओं से अनुमानित 270000 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है, एक टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन की कमी एक कार्बन क्रेडिट के बराबर है।

इन प्रमाणित कार्बन क्रेडिट को अब अंतर्राष्ट्रीय कार्बन बाजार में बिक्री के माध्यम से मुद्रीकृत किया जा सकता है जिससे पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी बढ़ावा मिलेगा तथा गाजियाबाद नगर निगम के लिए एक नया राजस्व स्रोत बनेगा। नगर आयुक्त ने बताया ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और ऊर्जा दक्षता में निगम की कार्यवाही को संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ओं क्लाइमेट चेंज द्वारा समर्थित सत्यापित मानक वीसीएस कार्यक्रम के तहत सफलतापूर्वक पंजीकृत किया गया है।

वीसीएस ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और हटाने के उद्देश्य से परियोजनाओं की प्रमाण के लिए एक विशेष शतर पर मान्यता प्राप्त कार्यक्रम है। नगर निगम ने परियोजनाओं के क्रम में दिसंबर 2023 में वेरा रजिस्ट्री में प्रश्तुत किया गया था, जून 2025 में पूर्ण सत्यापन और पंजीकरण प्राप्त किया गया है।

पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए रजिस्ट्री और उसके मान्यता प्राप्त लेखा प्रशिक्षकों द्वारा कठोर मूल्यांकन करते हुए रिपोर्ट शामिल किया गया है, यह उपलब्धि न केवल गाजियाबाद बल्कि उत्तर प्रदेश राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

यह पहला पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगी बल्कि शहर को आर्थिक लाभ भी पहुंचाएगी, नगर आयुक्त द्वारा आगामी योजनाओं में भी कार्बन क्रेडिट को विशेष ध्यान में रखते हुए कार्य करने के निर्देश टीम को दिए गए।

# पासपोर्ट कार्यालय का सर्वर डाउन, आवेदक परेशान

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

सर्वर डाउन होने से मंगलवार को पासपोर्ट आवेदकों को परेशानी उठानी पड़ी। इस कारण कार्यालय में काम शुरू नहीं हो सका। एक हजार से अधिक आवेदक घंटों इंतजार के बाद मायूस होकर लौट गए।

गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से 13 जिलों के लोगों के पासपोर्ट बनाए जाते हैं। रोजाना करीब दो हजार आवेदकों को आवेदन जमा करने का मौका मिलता है। पासपोर्ट कार्यालय में सुबह नौ बजे से काम शुरू हो जाता है।





मंगलवार सुबह जब आवेदक पासपोर्ट कार्यालय पहुंचे तो पता चला कि सर्वर डाउन है। एक घंटा बीतने के बाद भी सर्वर ठीक नहीं हुआ तो आवेदकों ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद अधिकारियों ने आवेदकों को नए दिन का अप्वाइंटमेंट लेने के लिए कहा।

अन्य दिनों का समय लेना पड़ा मंगलवार दोपहर 12 बजे तक सर्वर ठीक नहीं होने के बाद पासपोर्ट कर्मचारियों ने आवेदकों को आगे के दिनों का अप्वाइंटमेंट लेने को कह दिया। इस दौरान बुजुर्गों और बच्चों से कहा गया कि यदि सर्वर चलता है तो उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। वेबसाइट ठप रहने से लिंक नहीं खुला अधिकारियों के अनुसार, कार्यालय का सर्वर तो बीच-बीच में ठीक हो गया, लेकिन विभाग की वेबसाइट ठप रही।

उसका लिंक नहीं खुला। सर्वर ठीक होने के बाद वेबसाइट पर अंडर मेंटेनेंस का मैसेज आता रहा। इस कारण आवेदक आगे का अप्वाइंटमेंट भी नहीं ले सके। गाजियाबाद पासपोर्ट कार्यालय के तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिलों पासपोर्ट बनजे है। इन जिलों में आगरा, अलीगढ़, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हाथरस, मथुरा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़, शामली और सहारनपुर शामिल है।

## महिला आयोग की सदस्य आज सुनवाई करेंगी

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य बुधवार दोपहर को लोनी तहसील सभागार कक्ष में महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी। शिकायत सुनने के बाद पीड़ितों की समस्या का निश्तारण भी किया जाएगा।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ की सदस्य डाक्टर हिमानी अग्रवाल का गाजियाबाद भ्रमण कार्यक्रम है। कार्यक्रम के दौरान महिला आयोग की सदस्य दोपहर दो बजे से खन्ना नगर कालोनी स्थित लोनी तहसील स्थित सभागार कक्ष में महिलाओं की शिकायतें सुनेंगी और उनका निश्तारण करेंगी। एसडीएम राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि महिला आयोग के सदस्य के आने की सूचना प्राप्त हुई है। वह अपने पास मौजूद महिलाओं की शिकायतों को सुनकर उनका निश्तारण करेंगी।

### थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

## त्यौहारों में खलल डालने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायगी : सीओ



✷ एनसीआर टुडे. नगीना ✷

थाना परिसर नगीना में कॉवड़ यात्रा को लेकर तथा मोहर्रम के जुलूस को लेकर शांति सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी नगीना आशुतोष जैसवाल ने की। जबकि क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी बैठक में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी आशुतोष जैसवाल ने स्पष्ट कहा - कोई भी नई परंपरा बिल्कुल भी न शुरू की जाए। त्योहार को पुराने परंपरागत तरीके से, शांतिपूर्ण और सौहार्द के साथ मनाया जाए।

सीओ ने ताजियेदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि प्रशासन से बेहतर समन्वय बनाए रखें।, ताकि किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में मौजूद ताजियेदारों ने बताया कि चांद की पहली तारीख से लेकर दसवीं तक के कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा भी साझा की गई। थाना प्रभारी नगीना तेज पाल सिंह ने सभी ताजियेदारों से प्रत्येक ताजिये के लिए पांच-पांच जिम्मेदार लोगों के नाम व मोबाइल नंबर, साथ ही ताजियों की ऊंचाई की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। सोशल मीडिया पर भ्रमिक खबर न फैलाए।

इस बैठक में चेयरपर्सन नगीना के छोटे बेटे सिराज खलील मदरसा नवी नान मुफ्ती नवील रसीदी राजकुमार उर्फ राजू जाहिर पहलवान जुनैद कुरेशी सभासद उस्मान जैदी बदर मुनीम सलमान हैदर तथा कई गणमान्य और समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

# बेरहमी से पिटाई कर पत्नी का सिर फाड़ा, हाथ तोड़ा

✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷

राजनगर एक्सटेंश की सोसाइटी में पति ने पत्नी के की बेरहमी से पिटाई कर न सिर्फ सिर फाड़ दिया, बल्कि हाथ भी तोड़ दिया।

लहूलुहान हालत में नंदग्राम थाने पहुंची पीड़िता ने शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

राजनगर एक्सटेंशन की केडब्ल्यू सृष्टि सोसाइटी में रहने वाली श्वेता त्यागी का कहना है कि उनकी शादी करीब तीन साल पहले राहुल त्यागी के साथ हुई है। उनके पति आए दिन उनके साथ बेरहमी से मार-पिटाई करते हैं। शादी के बाद से अब तक पति ने उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया है। श्वेता का आरोप है कि 23 जून को भी पति ने उन्हें बुरी तरह पीटा।

इतना ही नहीं, किसी वशतु से वार कर उनका सिर फाड़ दिया तथा बायां हाथ भी तोड़ दिया। लहूलुहान हालत में थाने पहुंती श्वेता त्यागी ने बताया कि वह पति कि आए दिन की मारपीट और ज्यादती से तंग आ चुकी हैं। अब वह प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं कर सकतीं। श्वेता ने पुलिस को शिकायत देकर पति के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई। सीओ नंदग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर उनके पति के खिलाफ मारपीट तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# निशुल्क नेत्र शिविर में 370 मरीजो की जांच, मुफ्त दवाई और चश्मे दिए

✷ एनसीआर टुडे. नजीबाबाद ✷

नगर के मौहल्ला महलसराये स्थित नजीबुद्दौला गर्ल्स स्कूल जूनियर सेक्शन विभाग में हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट देहरादून व एएम एजुकेशन एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया।

निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर में लगभग 370 नेत्र रोग से पीडित मरीजो ने अपनी आंखों की जांच कराकर मुफ्त दवाई और चश्मे प्राप्त किये।

नेत्र जाँच शिविर मे नगर के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी काजी आसिफ मुत्तकी द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर में उमड़ा जन सैलाब उमड पड़ा। सुबह 10:00 बजे से 01:00 बजे तक नगर के नजीबुद्दौला गर्ल्स स्कूल (जूनियर सेक्शन) में हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट देहरादून व एएम एजुकेशन एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का उद्घाटन काजी आसिफ मुत्तकी, नजीबुद्दौला गर्ल्स कालेज के प्रबंधक सुहेल उर्रहमान, महताब खां



चांद, शमीम कुरैशी, इक़बाल हिन्दुश्तानी, तसनीम सिद्दीकी, शरीफ अहमद, वसीम अहमद बख्श ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर में नगर के लगभग 370 नेत्र रोग से पीडित मरीजो ने पहुंच कर अपनी आंखों की जांच कराई जिन को काजी आसिफ मुत्तकी की ओर से मुफ्त दवाई और चश्मे दिये गये।

शिविर में नगीना से ऑप्टिकल विशेषज्ञ मुजम्मिल अज़ीम ने लगभग 370 नेत्र रोगियो की कंप्यूटर विजन सिंड्रोम (CVS) द्वारा जांच कर चश्मे दिये। इस अवसर पर कामरेड रामपाल, सपा नेता हाजी रफीक अंसारी, कांग्रेसी नेता सलाउद्दीन सैफी, इकबाल चौधरी एडवोकेट, एम. अजमल, नजीबुद्दौला गर्ल्स कालेज के प्रबंधक सुहेल उर्रहमान, महताब खां चांद, शमीम कुरैशी, मुकीम कुरैशी, इकबाल हिन्दुश्तानी, पूर्व प्रधानाचार्य अब्दुल सत्तार कुरैशी, इस्लामी फंड के मैनेजर तसनीम सिद्दीकी, शरीफ अहमद, वसीम अहमद बख्श, शहजाद सैफी, शुऐब खां, फैसल तैय्यब, मीडिया कर्मी शादाब जफर, नौशाद सैफी, जीशान नजीबाबादी अल्ताफ रज़ा, आफताब आलम, शाही अराफ़ात, नौशाद मुल्तानी, अब्दुल रऊफ, विपुल शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम में हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट देहरादून के डाक्टर व स्टाफ, द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी की टीम व नजीबुद्दौला गर्ल्स स्कूल जूनियर सेक्शन विभाग की टीचर्स का विशेष सहयोग रहा।

## संपादकीय

### उपचुनावों के नतीजों से नहीं बदलेंगे राजनीतिक समीकरण

गुजरात की दो, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की एक एक विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव के परिणाम घोषित हो चुके हैं जिनमें से दो सीटें आम आदमी पार्टी, एक सीट भाजपा , एक सीट तृणमूल कांग्रेस और एक सीट कांग्रेस ने जीती है। जिन चार राज्यों की पांच रिक्त विधानसभा सीटों के लिए ये उपचुनाव कराए गए उनमें केरल को छोड़कर बाकी तीन राज्यों में सत्तारूढ़ दल और उनकी सरकारों का इन नतीजों से खुश होना स्वाभाविक है। केरल में नीलांबुर विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ लोकतांत्रिक वाम मोर्चा के उम्मीदवार को कांग्रेस उम्मीदवार के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा।

गौरतलब है कि गत विधानसभा में यहां सत्तारूढ़ वाम मोर्चा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत हासिल की थी लेकिन बाद में वे मुख्यमंत्री पी विजयन से मतभेदों के कारण तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे। नीलांबुर सीट के उपचुनाव में कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार आर्य दान शौकत की जीत के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था क्योंकि यह सीट कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव क्षेत्र वायनाड के अंतर्गत आती है इसलिए कांग्रेस ने इस उपचुनाव को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया था।

इन उपचुनावों में गुजरात , पंजाब और पश्चिम बंगाल में जो नतीजे आए वे किसी बड़े उलटफेर का संकेत नहीं देते। इन राज्यों में इसी तरह के नतीजों का अनुमान लगाया जा रहा था। भाजपा को जरूर यह उम्मीद थी कि वह गुजरात की दोनों विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कराने में सफल हो जाएगी लेकिन उसे केवल कडी विधानसभा सीट से ही संतोष करना पड़ा यद्यपि वहां भाजपा उम्मीदवार ने बड़े अंतर से जीत हासिल की है।जहां कि पिछले विधानसभा चुनावों में भी उसने जीत हासिल की थी।

गुजरात की विसावदर विधानसभा सीट जीतने में आम आदमी पार्टी सफल रही जहां उसके उम्मीदवार गोपाल इटालिया ने अपने भाजपा प्रतिद्वंद्वी को 17 हजार से अधिक मतों से हराया।आम आदमी पार्टी को दूसरी सफलता पंजाब की लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट के उप चुनाव में मिली जहां संजीव अरोड़ा उम्मीदवार थे। गौरतलब है कि संजीव अरोड़ा राज्य सभा सदस्य भी हैं। अब उनके विधायक चुन लिए जाने से राज्य सभा की जो सीट रिक्त हुई है उसके लिए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नाम की अटकलें चल रही हैं यद्यपि केजरीवाल ने इन अटकलों पर यह कहते हुए विराम लगा दिया है कि वे राज्य सभा नहीं जा रहे हैं। साथ ही केजरीवाल यह भी कहते हैं कि आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति यह तय करेगी कि संजीव अरोड़ा के विधायक चुन लिए जाने से रिक्त हुई राज्य सभा सीट के लिए किसे नामांकित करना है।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने कालीगंज की जिस विधानसभा सीट के उपचुनाव में जीत हासिल की है वह सीट पहले से ही उसके पास थी। यहां से गत विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की टिकट पर नसीरुद्दीन अहमद निर्वाचित हुए थे जिनका बाद में हार्ट अटैक से निधन हो जाने के कारण यह सीट रिक्त हो गई थी यहां हुए उपचुनाव में पार्टी ने उनकी बेटी अलिफा अहमद को उम्मीदवार बनाया था जो भाजपा उम्मीदवार आशीष घोष को 50000 मतों के बड़े अंतर से हराने में सफल रहीं।

गौरतलब है कि हाल ही में जिन चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव संपन्न हुए हैं उनमें से केरल और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल समाप्त हो रहा है जबकि पंजाब और गुजरात विधानसभाओं के चुनाव 2027 में संपन्न होना है। इन उपचुनावों में पंजाब और गुजरात में आम आदमी पार्टी की जीत उसे दिल्ली विधानसभा के पिछले चुनावों में मिली करारी हार से उपजी निराशा से उबरने में मदद कर सकती है। केजरीवाल ने इन उपचुनावों को दोनों राज्यों में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल बताया था। केरल में नीलांबुर सीट के लिए हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन से एक सीट छीनकर कांग्रेस को जो खुशी मिली उसे गुजरात की दो सीटों के उपचुनाव में मिली हार ने थोड़ा फीका कर दिया। गौरतलब है कि इस हार की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए गुजरात के प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्ति सिंह गोहिल ने इस्तीफा दे दिया है। इन उपचुनावों के नतीजों से किसी बड़े उलटफेर की संभावना नजर नहीं आती क्योंकि केरल को छोड़कर बाकी तीन राज्यों में मतदाताओं ने यथास्थिति बनाए रखने के पक्ष में फैसला किया है। केरल में जरूर कांग्रेस उम्मीदवार की जीत सत्तारूढ़ वाम गठबंधन की चिन्ताओं में इजाफा कर सकती है।इन उपचुनावों के नतीजों से यह अनुमान लगाना भी उचित नहीं होगा कि इसी साल के उत्तरार्ध में बिहार विधानसभा के चुनावों पर इन नतीजों का कोई असर होगा। बिहार के राजनीतिक समीकरण इन चार राज्यों के उपचुनाव परिणामों से प्रभावित नहीं होंगे।

### एक उंगली उठ जाती है/कविता/अंजना वर्मा

एक उंगली सिर्फ उठ जाती है
तुम्हारी ओर
छूती भी नहीं तुम्हें
लेकिन उस उंगली के उठते ही
ऐसा क्यूं होता है कि तुम
धराशायी हो जाती हो स्त्री?
इसलिए कि मिट्टी की बनी हो तुम
मिट्टी का घड़ा हो-जल से भरा कलश!
दोनों दुनिया में रहती हो बारी-बारी से
घूमती हो चकरघिन्नी की तरह
मैके में छोटे भइया से लेकर दादा जी तक
ससुराल में
वहां के कुत्ते से लेकर पति और सास-ससुर तक
कौन नहीं तुम्हारी सेवा का जल पीता है?
यही जल है जो
आटा में मिलता है तो रोटी बनती है
चावल के साथ खदकता है तो भात बनता है
कुएं से घड़ों में भरकर
घर में आता है तो स्नान-पूजा होती है
चंदन के साथ घिसा जाता है
तो माथे पर तिलक लगता है
स्तन से उतरता है तो
बच्चे का पेट भरता है
शिराओं में दौड़ता रहता है तो
जीवन की सांसें चलती रहती हैं
आंखों से झरता है तो रिश्तों की गांठें बनती हैं
इस घड़े को फोड़े कर कहां रहेगा तू पुरुष?
कहां रहेगी तेरी दुनिया?

**(हिंदी समय से साभार प्रकाशित)**

# भारत युवाओं के बल पर उत्पाद में वृद्धि कर सकता है

**प्रहलाद सबनानी**




जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवत आगामी लगभग दो वर्षों के अंदर जर्मनी की अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं। इन समश्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 30.51 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति ब्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 89,110 अमेरिकी डॉलर हैं।

इसी प्रकार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 19.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 13,690 अमेरिकी डॉलर है और जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 55,910 अमेरिकी डॉलर है। यह तीनों देश सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में आज भारत से आगे हैं।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है। भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है। ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रान्स के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है।

इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है। ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है। सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है। इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरुआत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है। अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। अतः भारत इस मामले में विश्व के विकसित देशों से बहुत अधिक पिछड़ गया है।

परंतु, अब भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है तथा साथ ही अतिधनाडय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिससे अब उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे आने वाली समय में भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होगी।

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सेवा क्षेत्र इसकी सबसे बढ़ी ताकत है। अमेरिका में केवल 2 प्रतिशत आबादी ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर है और अमेरिका की अधिकतम आबादी उच्च तकनीकी का उपयोग करती है जिसके कारण अमेरिका में उत्पादकता अपने उच्चत्तम श्तर पर है।

पेट्रोलीयम पदार्थों एवं रक्षा उत्पादों के निर्यात के मामले में अमेरिका आज पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2024 में अमेरिका ने 2.08 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बराबर का सामान अन्य देशों को निर्यात किया है, जो चीन के बाद विश्व के दूसरे स्थान पर है। तकनीकी वर्चस्व, बौद्धिक सम्पदा एवं प्रौद्योगिकी नवाचार ने अमेरिका को विकास के मामले में बहुत आगे पहुंचा दिया है। टेक्निकल नवाचार से जुड़ी विश्व की पांच शीर्ष कम्पनियों में से चार, यथा एप्पल, एनवीडिया, माक्रोसोफ्ट एवं अल्फाबेट, अमेरिका की कम्पनियां हैं।

इन कम्पनियों का संयुक्त बाजार मूल्य 12 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी अधिक है, जो विश्व के कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से बहुत अधिक है। अतः अमेरिका के नागरिकों ने बहुत तेजी से धन सम्पदा का संग्रहण किया है इसी के चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अमेरिका में बहुत अधिक है।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वर्ष 1944 में अमेरिका के ब्रेटन वुड्ज नामक स्थान पर हुई एतिहासिक बैठक में विश्व के 44 देशों ने वैश्विक वित्तीय व्यवस्था के नए ढांचे पर सहमति जताते हुए अपने देश की मुद्रा को अमेरिकी डॉलर से जोड़ दिया था। इसके बाद से वैश्विक अर्थव्यवस्था में अमेरिकी डॉलर का दबदबा बना हुआ है। आज विश्व का लगभग 80 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग लेन देन अमेरिकी डॉलर में होता है।

अमेरिका के बाद विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को पूरे विश्व का विनिर्माण केंद्र कहा जाता है क्योंकि आज पूरे विश्व के औद्योगिक उत्पादन का 31 प्रतिशत हिस्सा चीन में निर्मित होता है। चीन में पूरे विश्व की लगभग समश्त कम्पनियों ने अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित की हुई हैं। चीन के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण इकाईयों का योगदान 27 प्रतिशत से अधिक हैं। पूरे विश्व में आज उत्पादों के निर्यात के मामले में प्रथम स्थान पर है।

विभिन्न उत्पादों का निर्यात चीन की आर्थिक शक्ति का प्रमुख आधार है। सश्ती श्रम लागत के चलते चीन में उत्पादित वश्तुओं की कुल लागत तुलनात्मक रूप से बहुत कम होती है। वर्ष 2024 में चीन का कुल निर्यात 3.57 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का रहा है। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अर्थात जर्मनी ने पिछले एक वर्ष में 25,000 पेटेंट अर्जित किए हैं।

जर्मनी को, ऑटोमोबाइल उद्योग ने, पूरे विश्व में एक नई पहचान दी है। चार पहिया वाहनों के उत्पादन एवं निर्यात के मामले में जर्मनी पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। जर्मनी में निर्मित चार पहिया वाहनों का 70 प्रतिशत हिस्सा निर्यात होता है। यूरोपीय यूनियन के देशों की सड़कों पर दौड़ने वाली हर तीसरी कार जर्मनी में निर्मित होती है। जर्मनी विश्व का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक देश है, जिसने 2024 में 1.66 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के बराबर राशि के उत्पाद एवं सेवाओं का निर्यात किया था। मुख्य निर्यात वस्तुओं में मोटर वाहनों के अलावा मशीनरी, रसायन और इलेक्ट्रिक उत्पाद शामिल हैं।

आज भारत सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व में चौथे पर पहुंच गया है परंतु भारत को प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में जबरदश्त सुधार करने की आवश्यकता है। भारत पूरे विश्व में आध्यात्म के मामले में सबसे आगे है अतः भारत को धार्मिक पर्यटन को सबसे तेज गति से आगे बढ़ाते हुए युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर निर्मित करने चाहिए जिससे नागरिकों की आय में वृद्धि करना आसान हो। दूसरे, भारत में 80 करोड़ आबादी का युवा (35 वर्ष से कम आयु) होना भी विकास के इंजिन के रूप में कार्य कर सकता है।

भारत की विशाल आबादी ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान दिया है। भारत की अर्थव्यवस्था में विविधता झलकती है और यह केवल कुछ क्षेत्रों पर निर्भर नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 16 प्रतिशत है तथा रोजगार के अधिकतम अवसर भी कृषि क्षेत्र से ही निकलते हैं, जिसके चलते प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद विपरीत रूप से प्रभावित होता है। सेवा क्षेत्र का योगदान 60 प्रतिशत से अधिक है परंतु, विनिर्माण क्षेत्र का योगदान बढ़ाने की आवश्यकता है।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत में 81 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है अर्थात विदेशी निवेशक भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आज विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा है।

आज भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी 694 अरब अमेरिकी डॉलर की आंकड़े को पार कर गया है। आगे आने वाले समय में अब विश्वास किया जा सकता है कि भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होती हुई दिखाई देगी।

# युद्ध नहीं शांति की ओर जाएं

**संजय गोस्वामी**

ईरान और इजराइल की टकराव की आग में अब अमेरिका भी खुलकर कूद चुका है. अमेरिका ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों- फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर इतिहास का सबसे सफल सैन्य हमला किया नॉर्थ्रॉप बी-2 स्पिरिट, जिसे स्टील्थ बॉम्बर के नाम से भी जाना जाता है, [3] एक अमेरिकी भारी रणनीतिक बमवर्षक है, जिसमें कम-अवलोकनीय स्टील्थ तकनीक है जिसे घने विमान-रोधी सुरक्षा को भेदने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

दो लोगों के चालक दल के साथ एक सबसोनिक फ़्लाइंग विंग, विमान को नॉर्थ्रॉप (बाद में नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन) ने प्रमुख ठेकेदार के रूप में डिज़ाइन किया था, जिसमें बोइंग, ह्यूजेस और वॉट प्रमुख उपठेकेदार थे, और इसका उत्पादन 1988 से 2000 तक किया गया था।[4][1][5] बमवर्षक पारंपरिक और थर्मोन्यूक्लियर हथियार गिरा सकता है, [6] जैसे कि अस्सी 500-पाउंड वर्ग (230 किग्रा) एमके 82 जेडीएएम जीपीएस-निर्देशित बम, या सोलह 2,400-पाउंड (1,100 किग्रा) बी-2 स्पिरिट2016 में प्रशांत महासागर के ऊपर उड़ान भरता हुआ पाया गया यह बहुत ही खतरनाक बम हैं जो कंक्रीट को चिरता हुआ 200 फिट निचे जाता है।

सब तबाह कर देता है और 6 बम बर्षक बम से तो प्लांट के अंदर में कुछ भी नहीं बजेगा उसमें उस परमाणु प्लांट के अंदर काम करने वाले लोग भी मारे गए होंगे क्योंकि यह दुनिया का ऐसा बम है धरती के अंदर बहुग तेजी से जाता है औऱ जीपीएस व लेजेस से लैस है अतः ऐ लक्ष्य को जीपीएस सिस्टम पता लगाता h और जोरदार धमाका करता है अतः बेपन ग्रेड को वहाँ से उससे पहले निकाललेनाइतना आसान नहीं है यदि शिफ्ट ही कर दिया तो फिर कौन से प्लांट में ले जाया गया होगा वो भी तो कहीं गया ले गया होगा यह बिल्कुल वही सामग्री है और कितने समय में वेपन बनेगा यह सब खबर ठीक नहीं लग रहा है जहाँ तक खबरों ऐ दिखया जा रहा जो जानकारी के अभाव मे हैं रेडिशन लीक होने का कारण यह है की यह जमीन के बहुत अंदर था।

बमसर्षक B-2 बम एक नहीं 6 नम गिते अतः एक के एक मिट्टी के अंदर ही दब गए होंगे खैर अमेरिका को इसमें कूदना नहीं चाहिए क़ोई कुछ भी बना रहा है तो उसमें उसकी टेक्नोलॉजी लगी है इससे उस देश me अमेरिका के प्रति नफरत होगा ऐ ईरान व इजराइल की लड़ाई थी लेकिन जब इजराइल मे ईरान के तरफ दागी गई मिशायल से इजराइल को जो झटका लगा है वो भी ईरान की ताकत है जो मिशायाल टेक्नोलॉजी में काफी प्रगति की भारत को दोनों देश को शांति बनाये रखने का प्रयास करना चाहिए युद्ध हमेशा नुकसान ही होता है। इजराइल में ईरान की मिसायल इस कदर कोहराम मचा है टेलीवीजन प्र मीडिया me इजराइल की छवि खराब हो रही है लोगों मे डर का माहोल पैदा हो गए हैं आखिर कब तक बामशेल्टर मे रहेंगे।

कार्टर प्रशासन के दौरान उन्नत प्रौद्योगिकी बॉम्बर (ATB) परियोजना के तहत विकास शुरू हुआ, जिसने मैक 2-सक्षम B-1A बॉम्बर को आंशिक रूप से रद्द कर दिया क्योंकि ATB ने ऐसा वादा दिखाया था, लेकिन विकास संबंधी कठिनाइयों ने प्रगति में देरी की और लागत बढ़ा दी। अंततः, कार्यक्रम ने विकास, इंजीनियरिंग, परीक्षण, उत्पादन और खरीद सहित प्रत्येक $2.13 बिलियन (2024 में $4.17 बिलियन) की औसत लागत पर 21 बी-2 का उत्पादन किया।

प्रत्येक विमान के निर्माण में औसतन US$737 मिलियन की लागत आई,जबकि कुल खरीद लागत (उत्पादन, स्पेयर पार्ट्स, उपकरण, रेट्रोफिटिंग और सॉफ्टवेयर समर्थन सहित) औसतन प्रति विमान $929 मिलियन (2023 में $1.11 बिलियन) थी।परियोजना की काफी पूंजी और परिचालन लागतों ने इसे अमेरिकी कांग्रेस में विवादास्पद बना दिया, यहां तक कि शीत युद्ध के समापन से पहले भी सोवियत क्षेत्र में गहरी हमला करने के लिए डिज़ाइन किए गए।

एक स्टील्थ विमान की इच्छा नाटकीय रूप से कम हो गई थी। नतीजतन, 1980 और 1990 के दशक के अंत में सांसदों ने 132 बमवर्षकों की योजनाबद्ध खरीद को घटाकर 21 कर दिया बिना ईंधन भरे इसकी रेंज 6,000 नॉटिकल मील (11,000 किमी; 6,900 मील) से ज़्यादा है और एक बार हवा में ईंधन भरने पर यह 10,000 नॉटिकल मील (19,000 किमी; 12,000 मील) से ज़्यादा की उड़ान भर सकता है। यह 1997 में लॉकहीड F-117 नाइटहॉक अटैक एयरक्राफ्ट के बाद एडवांस्ड स्टील्थ तकनीक से डिजाइन किए गए दूसरे एयरक्राफ्ट के रूप में सेवा में आया था। मुख्य रूप से परमाणु बमवर्षक के रूप में डिजाइन किए गए B-2 का पहली बार 1999 में कोसोवो युद्ध में पारंपरिक, गैर-परमाणु आयुध गिराने के लिए इश्तेमाल किया गया था। बाद में इसका इश्तेमाल इराक, अफ़गानिश्तान, लीबिया, यमन और ईरान में किया गया।संयुक्त राज्य वायु सेना के पास 2024 तक सेवा में उन्नीस बी-2 हैं; एक 2008 की दुर्घटना में नष्ट हो गया था और 2022 में दुर्घटना में क्षतिग्रश्त हुए दूसरे को संभावित मरम्मत की लागत और अवधि के कारण सेवा से सेवानिवृत्त कर दिया गया था। वायु सेना ने 2032 तक बी-2 को संचालित करने की योजना बनाई थी।

लेकिन ईरान के परमाणु सयन्त्र पर हमले में उसके तीनो परमाणु सयंत्र नस्ट हो गए लेकिन परमाणु सयन्त्र को इस तरह बनाया जाता है कि भूकंप आने पर भी उसे कुछ नहीं होता है अगर हमसे पूछेंगे तो मेरे अनुसार परमाणु सयन्त्र साल दो साल में नहीं बल्कि उसे बनने में 10-15 साल तक लग जाता है और संवर्धित यूरेनियम वह यूरेनियम है जिसमें आइसोटोप पृथक्करण नामक प्रक्रिया के माध्यम से आइसोटोप यूरेनियम-235 का प्रतिशत बढ़ाया गया है। प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले यूरेनियम में थोड़ी मात्रा में यू-235 (लगभग 0.72%) होता है, लेकिन परमाणु रिएक्टरों और हथियारों में उपयोग के लिए इस प्रतिशत को बढ़ाने की आवश्यकता होती है ताकी फिशन रिएक्शन हो सके और जिसे कण्ट्रोल करने पर परमाणु रीक्टर बनता है।

लेकिन अधिकतर देश इसे परमाणु अस्त्र बनाने का काम करते है यह यूरेनियम का ही आसोटोप है नुक्लियर सेंटर में कार्य करने वाले लोग अपने देश के टॉप स्टूडेंट होते हैं क्योंकि उसमें तकनिकी के साथ साथ रेडीएशन को कण्ट्रोल करना भी एक चुनौती होती है परमाणु सयंत्र का डिज़ाइन बहुत ही जटिल प्रक्रिया है और उसमें गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण है और आईएईए के नियम के अनुसार होता है और यह फैसिलिटी में बहुत खर्चे होता है रोबोटिक का इसमें बहुत सावधानी से प्रयोग में लाया जाता है अतः यह किसी भी देश के लिए एक महत्वपूर्ण संस्था होती है और इससे जो रेडियोआइसोटोप निकलते हैं।

वो कैंसर, फल को अधिक समय तक जाता रखना रेडियोग्राफी में काम आता है अतः ऐ किसी देश की टेक्नोलॉजी है जिसमें अभी भी शोध है इसलिए ऐ कहना की उससे पहले ही वेपनग्रेड यूरेनियम को वहाँ से निकाल लिया गया है तो सही नहीं होगा क्योंकि रेडियोएक्टिव मटेरियल को लुका या छिपा कर नहीं लाया जा सकता है यूरेनियम को वहाँ से हटाना मुश्किल है क्योंकि सेंट्रीफ्यूज सिस्टम जहाँ इनस्टॉल है वहाँ बहुत सालों के बाद ऐ बना होगा और ऐ फल सब्जी जैसा नहीं है कि तुरंत वहाँ से हटा ली जाए उसपर सीआईए की सेटेलाइट लगी hoti सबसे आम वाणिज्यिक विधि सेंट्रीफ्यूज का उपयोग करती है। ये मशीनें उच्च गति पर UF6 गैस को घुमाती हैं, जिससे भारी U-238 को हल्के U-235 से उनके द्रव्यमान अंतर के कारण अलग किया जाता है।

हल्का U-235 सेंट्रीफ्यूज के केंद्र के पास केंद्रित होता है, जबकि भारी U-238 बाहरी किनारे पर चला जाता है अतः यूरेनियम जो परमाणु वेपन के लिए ईरान बना रहा था जैसा की नेतान्याहू ने इसके लिए ट्रम्प को धन्यवाद कहा लेकिन अपने घर खंडहर बन रहा है उसे शांति पूर्ण तरीके से रोकने के लिए सीजफायर के लिए प्रयास करना चाहिए क्योंकि इस जंग मे दुनिया मे आर्थिक संकट आ सकती है. अतः नहीं शांति की ओर जाएं नहीं तो दोनों तरफ से सब बर्बाद हो जायेगा..।

# कमतर न आंकिए भारत की विकास यात्रा को

**डा. अश्विनी महाजन**

वर्ष 2014 में भारत 2.07 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। 2025 में, हम मात्र 11 वर्षों में 4.18 ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की जीडीपी के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवी सुब्रमण्यम ने कुछ समय पहले इस संबंध में एक बयान दिया है।

अंतरराष्ट्रीय तुलना के लिए, एक और आंकड़ा जो सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया जाता है, वह है क्रय शक्ति समता के संदर्भ में जीडीपी। क्रय शक्ति समता के पैमाने पर, भारत बहुत पहले ही (वर्ष 2011 में) दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका था।

ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि भारत में भारतीय रुपए की क्रय शक्ति डॉलर के बाजार मूल्य से लगभग चार गुना अधिक है। विश्व बैंक के अनुसार 2014 में भारत की जीडीपी (पीपीपी) लगभग 7.4 डॉलर थी, जो 2025 में बढक़र 17.4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। आज जब यह साबित हो गया है कि डॉलर के बाजार मूल्य के लिहाज से भी भारत की जीडीपी दुनिया में चौथे स्थान पर पहुंच गई है, तो इसका जश्न मनाने के साथ-साथ यह समझना भी जरूरी है कि यह कैसे संभव हुआ और कैसे हम समकालीन दुनिया और इतिहास से सीख लेकर अपनी अर्थव्यवस्था को और मजबूत बना सकते हैं।

जबकि, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, कुछ हलकों में, यह बात उठती है कि चाहे, हमने जीडीपी में जापान को पीछे छोड़ दिया है, जापान की प्रति व्यक्ति आय अभी भी भारत की प्रति व्यक्ति आय से 11.6 गुना अधिक है, लेकिन अगर हम पीपीपी के आधार पर इन दोनों देशों की प्रति व्यक्ति आय की तुलना करते हैं, तो हम पाते हैं कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत के प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का मुश्किल से 4.16 गुना है।

एक और दृष्टिकोण यह है कि हमें उपलब्धि का जश्न मनाने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि भारत अभी भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में 136वें स्थान पर है, और यहां तक कि क्रय शक्ति समता में हम दुनिया के 190 देशों की सूची में 119वें स्थान पर हैं। लेकिन ये संख्याएं जितना छुपाती हैं, उससे कम बताती हैं। जैसे कि हम भारत की प्रति व्यक्ति आय से अधिक प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद वाले देशों में रहने वाली वैश्विक जनसंख्या पर एक नजर डालें, जो 3.54 बिलियन है, जो विश्व की जनसंख्या का मुश्किल से 43 प्रतिशत है।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद की दृष्टि से हमसे ऊपर के 'देशों की संख्या' गिनना उचित नहीं होगा, क्योंकि हमसे ऊपर के देश अधिकतर उच्च आय और मध्यम आय वाले देश हैं, और उनकी संख्या बड़ी है, यद्यपि उन देशों में रहने वाली जनसंख्या काफी कम है। जनसंख्या की दृष्टि से 18 बड़े देश हैं, जिनका प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद भारत से अधिक है, जिनकी कुल जनसंख्या लगभग 3.4 अरब है, और शेष 100 देशों की कुल जनसंख्या लगभग 14 करोड़ (0.14 अरब) है।

डॉलर के बाजार मूल्य के साथ-साथ पीपीपी के संदर्भ दोनों में प्रति व्यक्ति आय की उच्च वृद्धि दर की बदौलत भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इसकी रैंकिंग में बेहतरी हो रही है। 2014 में, डॉलर के बाजार मूल्य में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में भारत 190 देशों में से 147वें स्थान पर था, लेकिन 2025 में इसकी स्थिति में सुधार होकर भारत का स्थान 136वां हो गया है। तथा पीपीपी के संदर्भ में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद, जो 2014 में 126वें स्थान पर था, अब 190 देशों में 119वें स्थान पर पहुंच गया है।

एक और बात, हमें निरपेक्ष रूप से अपनी आबादी के कल्याण के बारे में विश्तार से बताने की जरूरत है, और उन देशों के भी कल्याण के बारे में जो प्रति व्यक्ति जीडीपी में काफी ऊपर हैं कि निरपेक्ष गरीबी को कम करने और अत्यधिक गरीबी को लगभग समाप्त करने में भारत की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। यूएनडीपी की परिभाषा के अनुसार, सबसे उल्लेखनीय सुधार हम बहुआयामी गरीबी में भारी कमी के रूप में देखते हैं।

वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2015 (2005-06 और 2011-12 के आंकड़ों पर आधारित) के अनुसार,. भारत की लगभग 41.3 प्रतिशत आबादी बहुआयामी रूप से गरीब थी। पोषण, बाल मृत्यु दर, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्वच्छता और खाना पकाने के ईंधन में प्रमुख अभाव रहे।

ग्रामीण गरीबी, शहरी गरीबी से काफी अधिक होने के साथ, भारत में दुनिया के बहुआयामी गरीबों का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा था। यूएनडीपी की रिपोर्ट के अनुसार 2005-2006 से 2019-2021 तक भारत का बहुआयामी गरीबी सूचकांक (कुल 1.000 में से) 0.283 से गिरकर सिर्फ 0.069 रह गया है, जो शायद बहुआयामी गरीबी का सामना कर रहे देशों में सबसे तेज गिरावट है।

दिलचस्प बात यह है कि यूएनडीपी ने इस उपलब्धि के लिए भारत की प्रशंसा भी की। अगर हम अत्यधिक गरीबी (2.15 अमेरिकी डॉलर की दैनिक आय वाले लोग) को देखें, तो विश्व बैंक (2022) और आईएमएफ के अनुसार, भारत ने वैश्विक मानकों के अनुसार अत्यधिक गरीबी को लगभग समाप्त कर दिया है।

2014 में, अनुमानतः भारत की 12.3 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीबी में रहती थी, यानी लगभग 170 मिलियन लोग। अनुमान है कि 2024-25 तक अत्यधिक गरीबी घटकर लगभग 3.4 प्रतिशत रह जाएगी, यानी अनुमानतः देश में 40.55 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी में रहते हैं। प्रत्यक्ष लाभ हश्तांतरण (डीबीटी), मुफ्त भोजन, बुनियादी सेवाओं जैसे स्वच्छता, स्वास्थ्य, बैंकिंग और बिजली तक पहुंच के कारण यह संभव हो सका है।

कुछ लोग तर्क देते हैं कि जीडीपी संख्या जो दर्शाती है कि भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है और सरकार 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन वितरित कर रही है, एक दूसरे के विरोधाभासी हैं। लेकिन यहां हमें यह समझना होगा कि मुफ्त भोजन का वितरण केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यहां तक कि अमेरिका और ब्रिटेन सहित अधिकांश विकसित देशों में भी उनकी आबादी का एक बड़ा हिस्सा मुफ्त राशन का लाभ लेता है।

वित्तीय वर्ष 2023 में, पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (स्नैप), जिसे आम तौर पर 'खाद्य टिकटों' के रूप में जाना जाता है, ने प्रति माह औसतन 42.1 मिलियन लोगों का लाभान्वित किया, जो कि यूएस की आबादी का 12.6 प्रतिशत है। वर्ष 2022-23 के दौरान इंग्लैंड में, लगभग 2.3 मिलियन लोग (इंग्लैंड की आबादी का लगभग 3 प्रतिशत) ऐसे घरों में रहते थे, जिन्होंने पिछले 12 महीनों में फूड बैंक का उपयोग किया था।

इसमें 6 प्रतिशत बच्चे, 3 प्रतिशत कामकाजी उम्र के वयस्क और लगभग 1 प्रतिशत पेंशनभोगी शामिल थे। लेकिन आज के विकसित देशों में एक दिलचस्प प्रवृत्ति उभर रही है, वह यह कि इन देशों में पिछले कुछ वर्षों में गरीबी लगातार बढ़ रही है और 2008 के आर्थिक संकट के बाद यह प्रक्रिया और तेज हो गई है। अमेरिका में गरीबी रेखा की परिभाषा के अनुसार, वहां लगभग 18 प्रतिशत आबादी गरीबी में रहती है, और यूरोपीय देशों में स्थिति अलग नहीं है।

यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, 2014 से 2021 के बीच दुनिया के कुछ सबसे अमीर देशों में बाल गरीबी में तेजी से वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय रूप से, इंग्लैंड में बाल गरीबी में 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि फ्रांस, आइसलैंड, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सापेक्ष गरीबी और असमानता के संबंध में, हम देखते हैं कि ओईसीडी के निष्कर्षों के अनुसार, ओईसीडी देशों में सापेक्ष गरीबी दर अलग-अलग है। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका में गरीबी दर 18 प्रतिशत है, जबकि डेनमार्क और फिनलैंड जैसे देशों में यह दर 5.7 प्रतिशत के बीच है। महिलाएं और बुजुर्ग विशेष रूप से असुरक्षित हैं, इन समूहों में गरीबी दर अधिक देखी गई है। भारत को अभी लंबा राश्ता तय करना है, लेकिन अब तक की यात्रा भी उल्लेखनीय रही है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती आशा शर्मा द्वारा 707 मंदाकिनी टावर सेक्टर -4, वैशाली गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) भारत से प्रकाशित एवं एन.सी.आर. प्रिंटर्स, 15/19 साइट-4, साहिबाबाद इंडस्ट्रीयल एरिया जनपद गाजियाबाद से मुद्रित। **संपादक** : संजय शर्मा
फोन: 9899683800 वेबसाइट : www.ncrtoday.in ई-मेल: todayncr@gmail.com >> ncrtoday@hotmail.com **RNI-UPHIN/2009/30721**

एनसीआर टुडे

## संक्षिप्त समाचार

### प्यार की सजाः मंदिर में शादी, फिर दोस्त के सामने परोस दी...प्रेमी की ऐसी करतूत, जीते जी मर गई वो

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में दो दोस्तों ने युवती को कमरे में बंधक बनाकर जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर घर में घुसकर मां-बेटी से मारपीट कर दी। इस दौरान चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पड़ोसी श्याम सिसोदिया ने उसकी दोस्ती अवधेश से छह महीने पहले करवाई थी। आरोप है कि युवती को जलेसर स्थित भद्रकाली मंदिर में ले जाकर मांग भर दी। ट्रांस यमुना में कमरा किराए पर लेकर पति-पत्नी की तरह रहने लगा। कुछ समय बाद अवधेश के शादीशुदा होने का पता चल गया। विरोध करने पर अवधेश और उसके दोस्त श्याम सिसोदिया ने बंधक बनाकर जबरन दुष्कर्म किया। जाति सूचक शब्द और टुकड़े करने की धमकी देकर निकल गए। पीड़िता ने बताया कि रविवार को आरोपी ने घर में घुसकर उसकी पिटाई की। इस दौरान उसकी मां को भी नहीं बख्शा गया। इस दौरान उसे चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी देते हुए एसीपी छत्ता पीयूष कांत राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस टीम जांच कर रही है।

### जिसने लूटी आबरू...उसी को दे बैठी दिल, पत्नी की प्रेम कहानी की हकीकत ने उड़ाए पति के होश

**आगरा , एजेंसी।** एटा में एक महिला ने दुष्कर्म की रिपोर्ट अदालत के आदेश पर दर्ज कराई है। नयागांव थाना पुलिस जांच करने पहुंची तो पति ने बताया कि महिला आरोपी के साथ चली गई है। इससे पहले भी दो बार उसके साथ जा चुकी है। पुलिस यह सुनकर चकरा गई और विवेचना और कार्रवाई को लेकर असमंजस में है।

नयागांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने अदालत के आदेश पर नासिर, इसके भाई कासिद और आफताब हुसैन निवासी गांव अलीपुर सहित 4 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट लिखाई है। आरोप है कि नासिर व कासिद ने दिल्ली में 20 हजार रुपये की नौकरी लगवाने का झांसा दिया और 18 अप्रैल 2025 को गाजियाबाद ले गए।

यहां एक होटल में रखकर नासिर ने दुष्कर्म किया। दूसरे दिन दोनों ने यही हरकत की और विरोध करने पर बुरी तरह पीटा। वहां बंधक बनाकर रखा। मोबाइल-जेवर छीन लिए। दबाव बना तो आफताब हुसैन चार लोगों को साथ लेकर गाड़ी से आया और वहां से उसे लेकर थाना नयागांव पहुंचा। यहां पुलिस ने आरोपियों से मिलकर जेल भेजने की धमकी देते हुए कोरे कागजों पर अंगूठे लगवा लिए।

पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही। अदालत से आदेश मिला तो रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस गांव में पहुंची। यहां महिला नहीं मिली। उसके पति ने बताया कि एक आरोपी के साथ पत्नी फिर चली गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि बयान दर्ज करने के लिए महिला की तलाश की जा रही है, लेकिन वह नहीं मिली है। पति का कहना है कि महिला स्वेच्छ से आरोपी के साथ गई है और पहले भी दो बार जा चुकी है।

### तालाब की जमीन से हटाया कब्जा

**तिलोई (अमेठी) , एजेंसी।** ग्राम पंचायत भेलाईकला में सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी तालाब की जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। गांव निवासी एक व्यक्ति ने तालाब की भूमि को पाटकर कब्जा कर लिया था, जिससे बरसात के मौसम में जल निकासी बाधित हो रही थी। ग्रामीणों का कहना था कि कब्जे के कारण नाले का पानी तालाब में नहीं जा पा रहा था, जिससे गांव में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई थी। लगातार हो रहीं शिकायतों के बाद ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी अमित सिंह से मिलकर स्थिति से अवगत कराया। एसडीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए राजस्व टीम को जांच के लिए भेजा। जांच में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा पुष्टि हुई। सोमवार को राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

# कथावाचक की पिटाईः अखिलेश यादव बोले- भागवत कथा सबके लिए है जब सुन सकते हैं तो सुना क्यों नहीं सकते



**लखनऊ , एजेंसी।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कुछ वर्चस्ववादी लोग कथावाचन में अपना एकाधिकार बनाए रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इटावा में कथावाचक की पिटाई कांड इन्हीं प्रभुत्वशाली लोगों की वजह से ही हुआ है। अगर सभी लोग भागवत कथा सुन सकते हैं तो सुना क्यों नहीं सकते हैं? अगर सच्चे कृष्ण भक्तों को भागवत कथा कहने से रोका जाएगा तो कोई ये अपमान क्यों सहेगा?

उन्होंने कहा कि प्रभुत्ववादी लोग ये घोषित करें कि पीडीए द्वारा दिया गया दान और चढ़ावा कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अखिलेश यादव मंगलवार को सपा मुख्यालय में कथावाचक की पिटाई मामले पर बोल रहे थे। बता दें कि इटावा में कथावाचक की जाति पूछने के बाद पिटाई, बाल काटने और महिला के पैर पर नाक रगड़वाने का वीडियो वायरल होने के बाद राजनीति तेज हो गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार हृदयहीन और अलोकतांत्रिक है। अगर निष्पक्ष कार्रवाई करने लगे तो बहुत सी घटनाएं नहीं होंगी। अगर बाबा साहब के संविधान और प्रस्तावना के तहत ही फैसला लिया जाए तो गरीब और गांव में रहने वाले लोगों का और अल्पसंख्यकों का सम्मान होने लगे। भाजपा सरकार में पीडीए वर्ग के लोगों को न्याय से वंचित किया जा रहा है। वर्चस्ववादी ताकतें पीडीए का अपमान कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि अगर पीडीए का कोई व्यक्ति मंदिर चला जाए तो ये उसे गंगाजल से धोते हैं। वर्चस्ववादी लोगों को सरकार का आशीर्वाद है जिसके कारण वो लोग ऐसा कर रहे हैं। समाज में समानता और सम्मान की लड़ाई जारी रहेगी।

## पुलिस के पेट में दम तोड़ गए पिसावा रियासत की चोरी के राज, रफा-दफा कर दिया था प्रकरण

**अलीगढ़ , एजेंसी ।** अलीगढ़ की पिसावा रियासत (दोआब स्टेट) की हवेली से बेशकीमती ट्रॉफियों–हथियार व जेवरात की चोरी का बेशक खुलासा नहीं हुआ, लेकिन तीन करोड़ की इस चोरी का मुकदमा पिसावा पुलिस की भूमिका पर जरूर सवाल खड़े कर गया। जिस तरह के तथ्य इस चोरी को लेकर सामने आए हैं, वे यही कहते हैं कि शायद पिसावा पुलिस के पेट में इस चोरी के राज दफन होकर रह गए।

राय बहादुर स्व. शिवदान सिंह की पिसावा रियासत (दोआब स्टेट) के एक हिस्से के वारिस कुंवर यादवेंद्र सिंह हैं। उन्होंने हवेली में चोरी के संबंध में 22 मार्च 2015 को पिसावा थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस विषय में कुंवर यादवेंद्र सिंह बताते हैं कि जब वे चोरी की सुरागकशी में लगे तो पता चला कि मुकदमा कराने से एक माह पहले यानि 17 फरवरी को गांव रायपुर में एक शादी में हुए झगड़े में एक युवक ने आधा दर्जन राउंड फायर किए थे। इस युवक को पब्लिक ने पकड़ा था। जिससे एक बैवले स्कॉट रिवाल्वर मिली।

## अब एक क्लिक में होगा संपत्ति कर का भुगतान, भेजा गया है लिंक

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ नगर निगम ने संपत्ति कर के भुगतान को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए नई पहल शुरू की गई है। करदाता अब एक क्लिक में संपत्ति कर का भुगतान कर सकेंगे। अब तक 36,000 से अधिक करदाताओं को इसके लिए लिंक भेजा जा चुका है। इनमें से 2,000 से अधिक ने भुगतान भी कर दिया है। नगर निगम अब करदाताओं को उनके मोबाइल पर एक यूनिक लिंक भेज रहा है। इस लिंक पर क्लिक कर करदाता सीधे भुगतान मोड पर पहुंच सकते हैं और बिना किसी जटिल प्रक्रिया के आसानी से टैक्स जमा कर सकते हैं। यह व्यवस्था लखनऊ नगर निगम की तर्ज पर शुरू की गई है। महानगर के 90 वार्ड में भवनों की संख्या 2.89 लाख है। सभी करदाताओं को लिंक भेजने की प्रक्रिया जारी है। नई व्यवस्था करदाताओं के लिए समय और संसाधनों की बचत करेगी। लखनऊ नगर निगम की सफलता से प्रेरित होकर अलीगढ़ में भी इस प्रक्रिया को लागू किया गया है। - आरपी सिंह, प्रभारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

**हाउस टैक्स बिल का वितरण शुरूः** नगर निगम ने 2025-26 वित्तीय वर्ष के लिए घर-घर हाउस टैक्स बिल वितरण शुरू कर दिया है। सभी भवनों को बिल बांटे जाएंगे। जलकल विभाग के कर्मचारियों को भी इसमें लगाया गया है। बिल में किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में करदाता आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

# फर्जी अभिलेखों पर बना था उज्बेकी महिला का ड्राइविंग लाइसेंस, अब मददगारों को ढूंढ रही पुलिस

**लखनऊ , एजेंसी।** उज्बेकिस्तान की महिला उज्बेकी महिला ने फर्जी दस्तावेजों की मदद से लखनऊ के ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ में ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाया था। डीएल बनवाने की ऑनलाइन फेसलेस व्यवस्था में सेंधमारी कर दलालों ने लाइसेंस बनवाने में उज्बेकी महिला की मदद की। डीएल कैसे बना, किसने मदद की, आरटीओ से इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ओमेक्स न्यू हजरतगंज बिल्डिंग में अवैध रूप से रहने वाली उज्बेकिस्तान की दो महिलाओं के पकड़े जाने के बाद जांच में ये तथ्य सामने आया है। ये महिलाएं उज्बेकी महिला के बुलावे पर ही लखनऊ आई थीं। उज्बेकी महिला को अवैध रूप से प्रवास करने वाली विदेशी महिलाओं का गैंग लीडर माना जा रहा है। उज्बेकी महिला ने डीएल बनवाने के लिए फर्जी दस्तावेज की मदद ली। उज्बेकी



महिला को जारी डीएल में उसका पता वी-104 ओमैक्स आर-1, ऑर्चिड-वी दर्ज है।

डीएल की ऑनलाइन व्यवस्था में कई खामियां हैं। दलाल इसी का फायदा उठाकर किसी का भी लाइसेंस बनवा देते हैं। लर्नर से लेकर परमानेंट डीएल तक बनवाने के लिए दलाल 4200 से 5000 रुपये तक वसूलते हैं। दरअसल, लर्नर लाइसेंस के लिए आवेदकों को आरटीओ जाने की आवश्यकता नहीं होती। ऑनलाइन आवेदन कर डीएल बनवाया जा सकता है। ऐसे मामलों में आवेदक के पते की जांच भी नहीं होती। इसमें दलाल आवेदकों की मदद करते हैं और सुविधा शुल्क वसूलते हैं। इस व्यवस्था के दुरुपयोग के कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

**खामीः सॉफ्टवेयर नहीं पकड़ पाता आवेदकः** परिवहन विभाग का ड्राइविंग लाइसेंस बनाने वाले सॉफ्टवेयर को दलाल चकमा दे देते हैं। सॉफ्टवेयर यह पकड़ ही नहीं पाता कि कैमरे के सामने बैठा व्यक्ति वास्तविक आवेदक है या कोई और। यही वजह है कि हाल ही में एक मृतक का लाइसेंस जारी किया जा चुका है। जबकि उससे पूर्व उन्नाव में एक रोहिंग्या का लाइसेंस बनवा दिया गया था।

### ये है डीएल बनवाने की प्रक्रिया

लर्नर लाइसेंस ऑनलाइन ही बनता है। इसमें आरटीओ का दखल नहीं होता। आवेदन के लिए मोबाइल नंबर का आधार से जुड़ा होना जरूरी है। आवेदन के बाद ऑनलाइन टेस्ट होता है, जिसमें पास होने पर लाइसेंस बनता है। लर्नर लाइसेंस बनने के एक से छह महीने के बीच परमानेंट लाइसेंस के लिए आवेदन करना होता है। फीस जमा के बाद स्लॉट मिलता है, जिस पर आरटीओ जाकर बायोमेट्रिक सत्यापन करवाकर टेस्ट देना होता है। टेस्ट में पास होने पर लाइसेंस जारी करके डाक से घर भेजा जाता है। परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने बताया कि विदेशी महिला के डीएल मामले में पुलिस ने जानकारियां मांगी है। उन्हें आवश्यक जानकारियां दी जा रही हैं। आगे जो भी सहयोग होगा, किया जाएगा।

# डिफेंस कॉरिडोर व इंटीग्रेटेड क्लस्टर की होगी पर्यावरण निगरानी, यूपीडा तैयार कराएगा रिपोर्ट



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी पहलुओं की निगरानी पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इन क्षेत्रों में पर्यावरणीय मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए एक नई व्यवस्था लागू की है। इसके तहत इन क्षेत्रों की हर छह महीने में पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट तैयार की जाएगी। ये रिपोर्ट प्रमाणित प्रयोगशालाओं द्वारा तैयार की जाएंगी। ये प्रयोगशालाएं न केवल पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी करेंगी, बल्कि रिपोर्ट तैयार कर उसे ऑनलाइन अपलोड भी करेंगी। यह पहल डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) की परियोजनाओं के लिए लागू की गई है। यूपीडा के मुताबिक, पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त स्थानों पर यह प्रक्रिया जल्द ही शुरु कर दी जाएगी।

यूपीडा ने जिन जिलों में पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त की है, उनमें अलीगढ़, कानपुर नगर, लखनऊ, चित्रकूट और झांसी शामिल हैं। इन जिलों में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण और विकास कार्य जारी हैं। अब इन स्थानों पर पर्यावरण की स्थिति की नियमित निगरानी की जाएगी।

**अंतिम चरण में पर्यावरण मंजूरी की प्रक्रिया...:** प्रत्येक छह महीने में लैब्स द्वारा सैंपलिंग, फील्ड निरीक्षण और संबंधित अधिकारियों से सूचना एकत्रित कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस रिपोर्ट में वायु, जल, ध्वनि, मिट्टी जैसे प्रमुख पर्यावरणीय घटकों की स्थिति का ब्योरा होगा। इन जिलों के अलावा, आगरा और उन्नाव के लिए पर्यावरण मंजूरी की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

## ऑटो पलटने से महिला की मौत, चालक ऑटो लेकर फरार

**एनसीआर टुडे. अलीगढ़।** थाना सासनी गेट क्षेत्र के मथुरा रोड पर तेज रफ्तार ऑटो के पलटने से 52 वर्षीय किरण देवी की मौत हो गई। किरण देवी थाना देहली गेट क्षेत्र के रामनगर की रहने वाली थीं।

मृतका के बेटे योगेश ने बताया कि उनकी मॉ अपनी बेटी के गांव महुआ से रामनगर लौट रही थीं, मथुरा रोड पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में किरण देवी ऑटो में बैठी अन्य सवारियों के नीचे दब गईं। स्थानीय लोगों ने उन्हें रूसा हॉस्पिटल भेजा, वहां से उन्हें दीनदयाल अस्पताल रेफर किया गया, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ऑटो चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया, पुलिस के अनुसार चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार हादसे का कारण है। थाना सासनी गेट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए पोस्टमार्टम गृह के लिए भेज दिया।

## विज्ञापन के कारोबार में हिस्सेदारी का झांसा देकर 80 लाख ठगे

**✷एनसीआर टुडे. गाजियाबाद ✷**

विज्ञापन के व्यापार में हिस्सेदारी का झांसा देकर एडवर्टाइजिंग कंपनी संचालक ने विज्ञापन कारोबारी से 80 लाख रुपये ठग लिए।

पीड़ित के मुताबिक मोटा मुनाफा कमाने पर तगादा किया तो आरोपी ने 1.17 करोड़ के चेक दे दिए, जो बाउंस हो गए। एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद वेव सिटी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। शाहपुर बम्हैटा गांव में रहने वाले लव यादव का कहना है कि वह विज्ञापन का व्यवसाय करते हैं।

वर्ष 2021 में साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया साइट-चार स्थित विश्तार कम्यूनिकेशन के संचालक रामेंद्र सिंह उर्फ रवि गुर्जर ने यह कहकर उनसे 65 लाख रुपये मांगे कि वह मीडिया-24 के साथ मिलकर गाजियाबाद नगर निगम से विज्ञापन का टेंडर ले रहा है।

इस टेंडर में वह उन्हें भी हिस्सा देगा। विश्वास में लेने के लिए रामेंद्र सिंह ने उन्हें बिना तारीख डाले 65 लाख रुपये के चेक भी दिए। लव यादव के मुताबिक उन्होंने 65 लाख रुपये अपनी कंपनी वे एडवर्टाइजिंग से पिता विजय सिंह तथा परिचित मोहित के माध्यम से दिए।

इसके बाद रामेंद्र सिंह ने उनसे 15 लाख रुपये और मांगे। साथ ही कहा कि इन 80 लाख रुपये में वह प्रार्थी का दस फीसदी का हिस्सा रखेगा तथा पार्टनशिप के अनुबंध में उन्हें भी शामिल करेगा। इसके बाद रामेंद्र सिंह उनके गांव के बाहर स्थित पेट्रोल पंप पर मिला, जहां उसने मोहित और दीपक की उपस्थिति में उनसे 15 लाख रुपये ले लिए।

भरोसा दिलाने के लिए रामेंद्र ने कुछ दशतावेजों पर उनके हश्ताक्षर भी कराए, जो कि गाजियाबाद के विज्ञापन के टेंजर में साझेदार बनाने के संबंध में थे। लव यादव के मुताबिक काफी समय बीतने के बाद जब उन्होंने अपने हिस्से के मुनाफे के बारे में पूछा तो रामेंद्र टालमटोल करने लगा।

कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने खोजबीन की तो पता चला कि रामेंद्र ने जो अनुबंध हश्ताक्षर किया है, उसमें उनका नाम ही नहीं है। साथ ही अनुबंध के मुताबिक किसी को भी तीन साल से पहले अपना हिस्सा किसी अन्य को देने का अधिकार ही नहीं है।

लव यादव का कहना है कि धोखाधड़ी का पता लगने पर उन्होंने रामेंद्र से संपर्क किया तो उसने गलती मानते हुए उनके रूपयों पर ब्याज देने का आश्वासन दिया। उसने कहा कि वह जल्द ही उन्हें दिए चेक क्लियर करा देगा।

पीड़ित के मुताबिक कई वर्षों तक परेशान होने के बावजूद कोई समधान नहीं निकला तो उन्होंने रामेंद्र से पुलिस में शिकायत करने की बात कही। आरोप है कि इस बात पर रामेंद्र ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। समय बीतने पर पता चला कि उनके द्वारा दी गई रकम से रामेंद्र को करोड़ों का फायदा हुआ है और उसे मोटी रकम मिलने वाली है।

लव यादव का कहना है कि इस पर वह अपने परिचित प्रशांत, दीपक, मोहित तथा कुछ अन्य लोगों के साथ रामेंद्र सिंह से मिले। इस दौरान उसने भी करोड़ों रुपये की कमाई स्वीकार करते हुए उनके द्वारा दिए 80 लाख में मुनाफा जोड़कर 1.17 करोड़ रुपये के चेक उन्हें सौंप दिए।

# दो लोगों की मौत से कोहराम, सड़क हादसे में महिला की गई जान, पोखरे में मिला शख्स का शव

**वाराणसी , एजेंसी।** उमरहां बाजार में मंगलवार को सवा 8 बजे वाराणसी- गाजीपुर हाईवे पर घर से सामान लेने गई तोफापुर गांव की महिला पैदल ही सड़क पार कर रही थी। इस दौरान चौबेपुर से वाराणसी जा रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई।

मृतका की पहचान दुर्गावती देवी पत्नी चंद्रेश राम के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला का पति मजदूरी करता है। उसे एक लड़का मनीष राम व तीन बेटीयां हैं। जिसमें दो शादीशुदा हैं।

परिवार में घटना की सूचना मिलने पर कोहराम मच गया। परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष रविकांत मलिक ने बताया कि फिलहाल सीसीटीवी कैमरे से वाहन की तलाश की जा रही है।

रोहनिया के भास्करा तालाब केशरीपुर में पोखरे में एक शख्स का शव मिला। सुबह टहलने पहुंचे लोगों शव देखा तो हैरान रह गए।

इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पोखरे से शव बाहर निकलवाया और पहचान करवाने में जुट गई।

**बीज उत्पादन विधायन विपणन केंद्र :**

# हरे चारे का बीज तैयार करने वाली यूनिट ही सूख गई, लग गया ताला

**अलीगढ़ , एजेंसी।** पशुओं में दूध की मात्रा बढ़े इसके लिए हरे चारे का उन्नत बीज तैयार करने के लिए पराग डेयरी में ही एक यूनिट 1994 में स्थापित की गई। नौ लोगों की लंबी चौड़ी फौज थी। इस यूनिट के द्वारा हरे चारे का बीज तैयार करवाया जाता था और फिर प्रदेश भर के दुग्ध उत्पादक किसानों को दिया जाता था। इसमें बरसीम, मक्का, ज्वार और लोभिया था। लेकिन बजट न मिलने और अनदेखी के कारण प्रदेश की यह इकलौती यूनिट बंद हो गई है। हालांकि अफसरों का कहना है कि इस यूनिट को शुरू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

रामघाट रोड पर स्थित दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ (पराग डेयरी) के कैंपस में स्थित बीज विधायन विपणन यूनिट के द्वारा तैयार कराया जाने वाला हरे चारे का बीज उत्तर प्रदेश की सभी 29 डेयरियों से जुड़े किसानों तक जाता था। किसान इसी बीज से हरे चारे को उगाकर अपने दुधारू पशुओं को खिलाते थे। इससे दूध का उत्पादन भी बढ़ता था। लेकिन आहिस्ता आहिस्ता यह प्लांट ही बंदी की कगार पर पहुंचता गया। शासन स्तर से जो बजट जारी होता था वह भी मिलना बंद हो गया। अफसरों का कहना है कि किसानों के माध्यम से बीज उगवाया जाता था और फिर उसे पराग डेयरी परिसर में बीज विधायन विपणन केंद्र पर लाकर प्रोसेसिंग होती थी।



### वर्ष 2015 से बजट मिलना हो गया था बंद

विधायन विपणन इकाई से जुड़े कर्मचारियों के अनुसार ( नौ कर्मचारी जिन्हें अब पीसीडीएफ में मर्ज कर लिया गया है ) वर्ष 2016 से इकाई की स्थिति खराब होने लगी थी। पहले बजट कम किया गया और फिर बिलकुल ही बंद कर दिया।

### आठ राज्यों को होती थी हरे चारे के बीज की सप्लाई

इस यूनिट द्वारा तैयार कराया जाने वाला हरे चारे का बीज उत्तर प्रदेश के साथ ही मध्य प्रदेश, बिहार, पश्चिमी बंगाल , छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान और हरियाणा तक सप्लाई होता था।

## रिश्ता हुआ दागदार, छोटे भाई ही निकला बड़े भाई का कातिल

**बलरामपुर , एजेंसी।** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात में छोटे भाई ने ही अपने बड़े भाई की हत्या कर दी। 50 हजार रुपये की सुपारी देकर भाई की जान लेने की साजिश रचने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका सगा भाई मारुफ निकला। 19 जून को बलरामपुर नगर के एमएलटीडी तटबंध के पास झाड़ियों में राजू उर्फ रऊफ (40) का शव मिला था। सिर पर गंभीर चोट के निशान थे। पुलिस के लिए यह मामला ब्लाइंड मर्डर था, लेकिन मात्र 72 घंटे में पुलिस ने इसका खुलासा कर दिया। एसपी विकास कुमार के मुताबिक हत्या की रिपोर्ट खुद मृतक के छोटे भाई मारुफ ने दर्ज कराई थी। लेकिन जांच के दौरान पुलिस को संदेह उसी पर होने लगा। सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, फॉरेंसिक और सर्विलांस जांच के आधार पर पुलिस ने जब मारुफ से गहराई से पूछताछ की, तो उसने जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में मारुफ ने खुलासा किया कि उसने मोहल्ला नौव्वाबाग निवासी आफताब, अंसार अहमद और गोंडा जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर निवासी वकील अहमद के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने सभी को नहर बालागंज रोड पर आम के बाग से गिरफ्तार कर लिया।

# इंटर मियामी और पाल्मेरास ने ड्रा खेला

## दोनों टीमें नॉकआउट के लिए क्वालीफाई



**मियामी, एजेंसी।** इंटर मियामी और पाल्मेरास ने मंगलवार (आईएसटी) को 2-2 से ड्रॉ खेला और इसके साथ ही दोनों टीमें फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर गईं। पाल्मेरास ने लियोनेल मेसी के लिए एक बेहतरीन जन्मदिन का तोहफा छीन लिया। इंटर मियामी ने ग्रुप ए के अंतिम मैच में 79 मिनट तक बढ़त बनाए रखी, इससे पहले ब्राजीलियाई टीम ने लगातार दो गोल करके ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया।

लुइस सुआरेज द्वारा मिडफील्ड में एक लंबी गेंद को आगे की ओर धकेलने के बाद हेरॉन्स ने बढ़त हासिल कर ली। युवा अर्जेंटीनाई खिलाड़ी पाल्मेरास के डिफेंडरों को चकमा देते हुए वेवर्टन को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया। सुआरेज ने दूसरे हाफ में समय को पीछे की ओर मोड़ दिया, कई डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोल दागकर इंटर मियामी की बढ़त को दोगुना कर दिया। लेकिन मैच खत्म होने में दस मिनट बाकी थे, स्थानापन्न पॉलिन्हो और एलन ने मिलकर पेनल्टी एरिया में प्रवेश किया।

पॉलिन्हो ने पाल्मेरास के प्रशंसकों के सामने गोल दागा, जिससे अंतिम चरण में एक रोमांचक मोड़ आया। समय समाप्त होने के साथ ही पाल्मेरास ने बॉक्स में गेंद फेंकी, जिसे ठीक से क्लीयर नहीं किया गया और स्थानापन्न मौरिसियो के पास गिरी, जिन्होंने बॉक्स के किनारे से गोल दागा, जिससे यात्रा कर रहे प्रशंसक खुशी से झूम उठे। यह हमारे लिए एक शानदार मैच था, दक्षिण अमेरिका की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना मुश्किल है।

शायद अंत में मैच हमारे हाथ में था, इसलिए यह अजीब लग रहा था, लेकिन टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अगर कोई मुझसे कहता कि हम इस तरह की टीमों के खिलाफ इस तरह का प्रदर्शन करने जा रहे हैं, तो मैं इस पर हस्ताक्षर कर देता। इंटर मियामी के मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो ने कहा, यह एमएलएस के लिए एक ऐतिहासिक रात है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ 16 टीमों में शामिल हैं और सभी एमएलएस को इंटर मियामी पर गर्व होना चाहिए।

इंटर मियामी रविवार को अटलांटा में ग्रुप बी विजेता और यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन का सामना करेगा। पाल्मेरास शनिवार को फिलाडेल्फिया में साथी ब्राजीलियाई टीम और कॉनमेबोल कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियन बोटाफोगो से भिड़ेगा।

*इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट:*

# पंत ने दोनों पारियों में शतक जड़कर लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी



**लीड्स, एजेंसी।** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट 2025 की दोनों पारियों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट इतिहास में खास जगह बना ली है. पहली पारी में पंत ने शानदार 134 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में उनके बल्ले से 118 रन आए. यह कारनामा करने वाले पंत भारत के सातवें बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है. उनसे पहले यह उपलब्धि विजय हज़ारे, सुनील गावस्कर (3 बार), राहुल द्रविड़ (2 बार), विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा ने हासिल की थी. हालांकि पंत ने इस सूची में एक खास रिकॉर्ड भी जोड़ा है. वह इंग्लैंड में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं.

इतना ही नहीं, पंत एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले दुनिया के केवल दूसरे नामित विकेटकीपर हैं. इससे पहले यह रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर के नाम था, जिन्होंने 2001 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 142 और नाबाद 199 रन बनाए थे.

### किसी देश में टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले भारतीय

| देश में | खिलाड़ी | साल |
|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | विजय हजारे | 1948 |
| वेस्टइंडीज | सुनील गावस्कर | 1971 |
| पाकिस्तान | सुनील गावस्कर | 1978 |
| भारत | सुनील गावस्कर | 1978 |
| न्यूज़ीलैंड | राहुल द्रविड़ | 1999 |
| इंग्लैंड | ऋषभ पंत | 2025 |

पंत की यह पारी न सिर्फ भारत को मैच में बनाए रखने के लिए अहम रही, बल्कि उनके करियर के लिहाज़ से भी मील का पत्थर साबित हुई. टीम की मुश्किल स्थिति में संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाते हुए, उन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक हैं.

# कमल चावला एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमल चावला और पारस गुप्ता ने एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था। बाद में राष्ट्रीय चैंपियन पारस गुप्ता ने भी अंतिम 16 में जगह बनाई। ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में गुप्ता ने कतर के मोहाना अल ओबैदली को 4-3 से शिकस्त दी। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे तीसरे भारतीय पुष्पेंद्र सिंह नॉकआउट में जगह बनाने में नाकाम रहे।

# हॉकी प्लेयर गैरेट रो ने अचानक किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी अमेरिका और यूरोप हॉकी प्लेयर गैरेट रो ने 15 साल के सफल करियर को अलविदा कह दिया, उन्होंने आधिकारिक तौर पर पेशेवर हॉकी से संन्यास ले लिया है. वर्जीनिया के मूल निवासी 36 वर्षीय गैरेट ने 2024-25 में हर्षे बियर के साथ अपना अंतिम सीज़न पूरा किया, जिसमें 38 खेलों में 18 अंक बनाए और प्लेऑफ़ में दो असिस्ट जोड़े. गैरेट रो मूल रूप से लॉस एंजिल्स किंग्स द्वारा 2008 एनएचएल ड्राफ्ट के 7वें दौर में चुने गए थे. उन्होंने कभी एनएचएल में भाग नहीं लिया, लेकिन शीर्ष यूरोपीय लीग में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला. उत्तरी अमेरिका में, उन्होंने हर्षे बियर और एडिरोंडैक फैंटम्स दोनों के लिए खेला, लेकिन उनका नाम यूरोप में खेलकर बड़ा हुआ. रो ने अपने पेशेवर करियर का ज्यादातर समय ऑस्ट्रिया, जर्मनी, स्वीडन और स्विटजरलैंड में खेलते हुए विदेशों में बिताया. चाहे वह डीईएल, एसएचएल या नेशनल लीग में हो, रो को एक शानदार फॉरवर्ड खिलाड़ी के रूप में जाना जाता था, जो सभी स्थितियों में खेलने में सक्षम थे. आज से एक साल पहले, गैरेट रो ने 7 ओवरटाइम गोल के साथ हर्षे बियर पर अपनी छाप छोड़ी थी, अपने पूरे करियर के दौरान, रो ने खुद को बेहतरीन खेल कौशल के साथ एक भरोसेमंद दो-तरफ़ा फ़ॉरवर्ड के रूप में स्थापित किया.

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोषी का निधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिलीप दोषी का 23 जून को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ ने उनके निधन की पुष्टि की है। दिलीप दोषी के नाम प्रथम श्रेणी में 898 विकेट दर्ज हैं। उन्होंने 43 बार पारी में पांच विकेट झटके हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में उन्होंने 75 शिकार किए। रणजी क्रिकेट में कई सालों तक बंगाल के अहम खिलाड़ी रहने के रहने के



अलावा दिलीप सौराष्ट्र का भी प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 32 साल की उम्र में इंटरनेशनल करियर की शुरुआत करने वाले दिलीप दोषी ने भारत की ओर से 33 टेस्ट खेले, जिसमें 30.71 की औसत के साथ 114 विकेट अपने नाम किए। टेस्ट करियर में दिलीप दोषी के नाम छह बार पांच या उससे अधिक विकेट दर्ज हैं।

# मैथ्यूज का अर्धशतक, वेस्टइंडीज ने 12 साल बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीती टी20 सीरीज



**बारबाडोस, एजेंसी।** कप्तान हेली मैथ्यूज ने निर्णायक मैच में बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शन करके अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया जिससे वेस्टइंडीज ने केव हिल में तीसरे टी20 मैच में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराकर 12 साल का सूखा खत्म करते हुए सीरीज जीती।

मैथ्यूज (50 गेंदों पर 65 रन) ने शानदार अर्धशतक बनाया और वेस्टइंडीज की रन चेज को गति दी जिसमें शेमेन कैम्पबेल (38 गेंदों पर 42 रन) ने बेहतरीन जोड़ीदार साबित हुए। इससे कैरेबियाई टीम ने 9 गेंद शेष रहते दक्षिण अफ्रीका के 147/6 के स्कोर को हासिल कर लिया। इसकी मदद से वेस्टइंडीज ने प्रोटियाज पर 2-1 से सीरीज जीत दर्ज की, जो 2013 की शुरुआत के बाद पहली बार था जब उन्होंने दक्षिण अफ्रीका को द्विपक्षीय टी20 सीरीज में हराया था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने मियाने स्मिथ के पहले टी20 अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में 6 विकेट पर 147 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लेकिन जवाब में मैथ्यूज ने शानदार खेल दिखाया और 9 चौके और एक छक्का लगाकर वेस्टइंडीज को जीत के करीब पहुंचा दिया। मैथ्यूज 16वें ओवर में 65 रन पर सुने लुस का शिकार बनीं, जिससे दक्षिण अफ्रीका को कुछ उम्मीद बंधी, लेकिन चिनेल हेनरी (नाबाद 20) ने अपना अनुभव दिखाते हुए मेजबान टीम को जीत दिलाई।

सीरीज हारने से निराश होने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे से उनकी टीम को कई सकारात्मक चीजें सीखने को मिलीं।

उन्होंने कहा, आज के परिणाम से निराश हूं, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लगा कि हमने काफी रन बनाए हैं। लेकिन हमने अपनी गेंदबाजी लाइन सही नहीं की, उन्होंने विकेट के चौकोर हिस्से पर बहुत सारे रन बनाए और हमने कुछ छोटी-छोटी चीजें गलत कीं। लेकिन हेले ने इतना अच्छा खेला कि उसे आउट करना मुश्किल है। वोल्वार्ड्ट ने कहा, कुल मिलाकर इस दौरे में मुझे लगा कि हमने कुछ अच्छी युवा प्रतिभाएं खोज निकाली हैं, जिन्होंने अपना योगदान दिया और टीम के लिए अच्छा योगदान दिया।

# 25 जून जब किदांबी श्रीकांत ने किया उलटफेर, ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर सीरीज में जीता खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 25 जून का दिन भारतीय बैडमिंटन जगत के इतिहास में सुनहरे दिनों के रूप में दर्ज है। यह वही दिन है, जब किदांबी श्रीकांत ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में उलटफेर करते हुए सुपर सीरीज जीती थी। साल 2017 को रविवार के दिन लोग टीवी के सामने बैठे थे। फैंस को उम्मीद थी कि उन्हें उस दिन किदांबी श्रीकांत से कुछ उलटफेर देखने को मिल सकता है, जिसने 18 जून को इंडोनेशिया ओपन का खिताब जीता था। श्रीकांत ने दूसरे दौर में उलटफेर करते हुए साउथ कोरिया के सोन वान हो को 15-21, 21-13, 21-13 से शिकस्त देकर अगले दौर में जगह बनाई।

इसके बाद हमवतन बी साईं प्रणीत को 25,23, 21-17 से मात देकर श्रीकांत सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने चीन के शी युकी को 21-10, 21-14 से मात देकर लगातार तीसरी बार सुपर सीरीज के फाइनल में जगह बना ली। फाइनल 25 जून को खेला गया।

इस खिताबी मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीन के रियो ओलंपिक चैंपियन चेन लांग के खिलाफ 22-20, 21-16 से जीत दर्ज की। इसी के साथ श्रीकांत लगातार दो सुपर सीरीज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष शटलर बन गए। इस फाइनल मुकाबले से पहले श्रीकांत चीन के इस सुपरस्टार शटलर से पांच बार भिड़ चुके थे,लेकिन हर बार उन्हें शिकस्त का सामना करना पड़ा था,

# कपिल देव ने की इन क्रिकेटरों की बेइज्जती? कहा- वो जानते हैं 30 कैमरे लगे हैं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनने का स्वाद चखाने वाले कप्तान कपिल देव ने आज के क्रिकेटरों की जमकर बेइज्जती की है. उन्होंने एक सवाल के जवाब में उनकी जमकर आलोचना की. हालांकि, सवाल कपिल देव से आज के दौर में उनके खेल के तरीके से जुड़ा था.

मगर उन्होंने जो कहा वो आज के दौर के क्रिकेटरों के लिए बेइज्जती से कम नहीं रहा. कपिल देव ने क्या कुछ कहा आज के क्रिकेटरों को लेकर आइए जानते हैं.

दरअसल, एक प्रोग्राम के दौरान कपिल देव से पूछा गया कि वो अगर आज के समय में क्रिकेट खेल रहे होते, तो क्या फर्क होता. उनका तरीका क्या होता? इस पर कपिल देव ने कहा कि तब के और आज के क्रिकेट जेनरेशन में वो एक ही फर्क देखते हैं और वो ये कि आज के क्रिकेट कमाल के एक्टर हैं. कपिल देव ने अपने इस बयान को उदाहरण देकर समझाया भी.

## 'पता है 30 कैमरे लगे हैं तो करते हैं दिखावा'

कपिल देव के मुताबिक आज के क्रिकेट गजब के एक्टर हैं. वो जानते हैं कि मैदान पर लगे 30 कैमरों का फोकस सीधा उन पर है. ऐसे में वो जो भी करेंगे वो रिकॉर्ड होगा. कपिल ने इसके पीछे का एक उदाहरण भी दिया. उन्होंने कहा कि हमने सीखा था कि आउट होने के बाद अपना हेड डाउन कर ड्रेसिंग रूम में बैठ जाओ. लेकिन आज के क्रिकेटर जब आउट होते हैं तो अपने बल्ले को जमीन पर पटकते दिखते हैं. सवाल है क्यों?

जब पता है कि आउट हो चुके हैं तो फिर बल्ला पटकने से क्या होगा?कपिल देव ने कहा कि आप आउट हुए क्योंकि आपने स्टुपिड शॉट खेला. अब उस पर वैसे रिएक्ट क्यों करना? कपिल देव की कप्तानी में भारत ने साल 1983 में वेस्टइंडीज के वर्चस्व को खत्म करते हुए वनडे का अपना पहला वर्ल्ड कप जीता था.



*लंबे समय बाद होगा धमाकेदार रिटर्न*

# RCB के स्टार प्लेयर ने थामा राजस्थान रॉयल्स की टीम का साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आमतौर पर भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों को विदेशी लीगों में बहुत कम खेलते हुए देखा जाता है. अब भारतीय महिला टीम की स्टार स्पिनर श्रेयंका पाटिल, कैरेबियन प्रीमियर लीग में राजस्थान रॉयल्स की टीम बारबाडोस रॉयल्स के लिए खेलती हुई नजर आएंगी. श्रेयंका पिछले लगातार चोटों से जूझती रही हैं, इसलिए पिछले सीजन महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग में भाग नहीं ले पाई थीं. वहीं 2023 सीजन में उन्होंने गुयाना वॉरियर्स की टीम को फाइनल तक का सफर तय करने में मदद की थी. कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 में श्रेयंका पाटिल बारबाडोस रॉयल्स के स्क्वाड में शामिल हुई चौथी विदेशी खिलाड़ी बनी हैं. चमारी अटापट्टू और हेली मैथ्यूज के रूप में 2 अन्य विदेशी खिलाड़ी बारबाडोस की टीम के लिए ओपनिंग करना जारी रखेंगी. बारबाडोस रॉयल्स की बॉलिंग यूनिट काफी हद तक पिछले सीजन के समान ही दिख रही है, लेकिन श्रेयंका पाटिल के आने से उसका गेंदबाजी लाइन-अप जरूर मजबूत हुआ है.

## लंबे समय बाद वापसी कर रहीं श्रेयंका पाटिल

भारत की स्टार स्पिन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल ने डब्ल्यूपीएल 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ऐतिहासिक ट्रॉफी जीत में अहम योगदान दिया था. उस जीत के बाद वो टीम इंडिया के लिए बहुत कम मैच खेल पाई हैं और अब डब्ल्यूसीपीएल में वापसी कर मैदान पर अपनी छाप छोड़ना चाहेंगी. श्रेयंका पाटिल के अलावा शिखा पांडे और सलोनी डंगोरे वे दो भारतीय खिलाड़ी होंगी, जो महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 में खेल रही होंगी. पांडे और सलोनी, दोनों त्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगी. महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत 6 सितंबर से होगी और टूर्नामेंट का समापन 17 सितंबर को होगा. श्रेयंका पाटिल, बारबाडोस रॉयल्स के लिए खेलने वाली हैं, जो पिछली दोनों बार से डब्ल्यूसीपीएल का खिताब जीतती आ रही है. बता दें कि बारबाडोस रॉयल्स की टीम अभी तक तीनों बार डब्ल्यूसीपीएल के फाइनल में पहुंची है.